गुरुवार, 21 अगस्त 2025

मौसम

तापमान 26 – 31
आर्द्रता 86%
सूर्योदयः 5:15 सूर्यास्तः 18:05

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

यदि हम सच बोलते हैं तो इसे दुष्प्रचार कहा जाता है: 'द बंगाल फाइल्स' पर मिथुन चक्रवर्ती ने कहा पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, भाद्रपद कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : कड़वी बातें बोलने का साहस होता है पर सुनने की क्षमता बहुत कम लोगों में होती है।

लोकसभा में अमित शाह ने पीएम-सीएम को हटाने संबंधी विधेयक किए पेश, विपक्ष ने फाड़ी कॉपी

देश की जनता तय करेगी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री जेल से सरकार चलाएंगे या नहीं: अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि अब देश की जनता को यह तय करना होगा कि क्या जेल में रहकर किसी मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री का सरकार चलाना उचित है। शाह ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आप को कानून के दायरे में लाने का संविधान संशोधन पेश किया है और दूसरी ओर ''कानून के दायरे से बाहर रहने, जेल से सरकारें चलाने एवं कुर्सी का मोह न छोड़ने के लिए'' कांग्रेस के नेतृत्व में पूरे विपक्ष ने इसका विरोध किया है। शाह ने कहा कि इन तीनों विधेयक से जो कानून अस्तित्व में आएगा, वह यह है कि: कोई भी व्यक्ति गिरफ्तार होकर जेल से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री के रूप में शासन नहीं चला सकता है।'' उन्होंने कहा, ''संविधान जब बना, तब हमारे संविधान निर्माताओं ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि भविष्य में ऐसे राजनीतिक व्यक्ति भी आएंगे, जो गिरफ्तार होने से पहले नैतिक मूल्यों पर इस्तीफा नहीं देंगे।'' शाह ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में, देश में ऐसी आश्चर्यजनक स्थिति उत्पन्न हुई कि मुख्यमंत्री या मंत्री बिना इस्तीफा दिए जेल से अनैतिक रूप से सरकार चलाते रहे। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में आरोपी नेता को गिरफ्तारी के 30 दिन के अंदर अदालत से जमानत लेने का प्रावधान भी दिया गया है। अगर वे 30 दिन में जमानत प्राप्त नहीं कर पाते हैं, तो 31वें दिन या तो केंद्र में प्रधानमंत्री और राज्यों में मुख्यमंत्री उन्हें पदों से हटाएंगे, अन्यथा वे स्वयं ही कानूनी रूप से कार्य करने के लिए अयोग्य हो जाएंगे।

130वां संविधान संशोधन विधेयक भारत में लोकतंत्र को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा : ममता

कोलकाता, समाज्ञा : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि यह एक 'सुपर-आपातकाल' से भी बड़ा कदम है और यह भारत में लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा।

■ जेपीसी को भेजे जाएंगे बिल

नयी दिल्ली : गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार और लगातार 30 दिन हिरासत में रखे गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किए जाने के दौरान हंगामे की स्थिति रही और विपक्षी सदस्यों ने विधेयकों की प्रतियां फाड़ी तथा कागज फाड़कर भी उछाले। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच सदन में 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। बाद में उनके प्रस्ताव पर सदन ने तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का निर्णय लिया। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के कुछ सदस्यों को आमने-सामने आते हुए देखा गया और उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई। तृणमूल कांग्रेस के कुछ सदस्यों को इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह की ओर बढ़ते देखा गया। दो बार के स्थगन के बाद सदन की बैठक दोपहर 2 बजे फिर शुरू हुई तो विपक्षी सदस्य पहले से ही खड़े होकर इन तीनों विधेयकों के खिलाफ नारे लगा रहे थे जिन्हें सरकार पेश करने जा रही थी। तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने विधेयक की प्रतियां फाड़ दीं और कागज़ के टुकड़े गृह मंत्री के सामने फेंके। इस दौरान गृह मंत्री विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश कर रहे थे। इसी हंगामे में, तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी को शाह के सामने लगे माइक्रोफ़ोन को खींचते हुए और उसके पास नारे लगाने की कोशिश करते देखा गया।

राज्यपाल विधानसभा से दूसरी बार विधेयक वापस आने के बाद उसे राष्ट्रपति को नहीं भेज सकते : उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को टिप्पणी की कि कोई भी विधेयक राज्य विधानसभा द्वारा दोबारा पारित करके राज्यपाल को भेजे जाने की स्थिति में वह उसे विचार के लिए राष्ट्रपति को नहीं भेज सकते हैं। शीर्ष अदालत ने विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में राज्यपाल की शक्तियों पर केंद्र से सवाल करते हुए यह टिप्पणी की। संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल को विधानसभा द्वारा पारित विधेयक पर या तो अपनी अनुमति देनी होती है या वह अपनी अनुमति रोक सकता है या फिर उसे राष्ट्रपति के विचारार्थ भेज सकता है। इसके तहत राज्यपाल को विधेयक को पुनर्विचार के लिए विधानसभा में वापस भेजने का भी अधिकार है, बशर्ते कि वह धन विधेयक न हो। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ की यह टिप्पणी केंद्र के इस रुख के मद्देनजर आई है कि राज्यपाल विधानसभा द्वारा विधेयक को दूसरी बार पारित करने के बाद भी उसे राष्ट्रपति के पास भेजने के अपने अधिकार का

इस्तेमाल कर सकते हैं। पीठ ने केंद्र का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, ''यदि चौथे विकल्प (विधेयक को पुनर्विचार के लिए विधानसभा में वापस भेजने का) का प्रयोग (राज्यपाल द्वारा) विधानसभा को पुनर्विचार के संदेश के साथ किया जाता है, तो विधेयक पर मंजूरी न देने या इसे राष्ट्रपति के पास भेजने का विकल्प समाप्त हो जाता है...।'' विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुनवाई के दौरान, पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि यदि राज्यपाल विधेयकों को पुनर्विचार के लिए विधानसभा को लौटाए बिना ही उन्हें मंजूरी देने से इनकार कर देते हैं, तो इससे निर्वाचित सरकारें राज्यपाल की मर्जी पर निर्भर हो जाएंगी। पीठ ने कहा, ''यदि राज्यपाल अनिश्चितकाल तक स्वीकृति रोक सकते हैं, तो बहुमत के समर्थन से गठित सरकारें एक अनिर्वाचित नियुक्त व्यक्ति की दया पर निर्भर होंगी।'' शीर्ष अदालत ने कहा, ''अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास चार विकल्प हैं- या तो वह अनुमति दे दें या अनुमति रोक लें या फिर वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रख लें। नियम के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए वह विधेयक को पुनर्विचार के लिए विधानसभा को लौटा सकते हैं।'' इसने कहा, ''अब, यदि विधेयक सदन द्वारा फिर से पारित कर दिया जाता है और अनुमति के लिए राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तो राज्यपाल अनुमति नहीं रोकेंगे। वह विधेयक को दूसरी बार राष्ट्रपति के विचार के लिए नहीं भेज सकते।''

उपराष्ट्रपति चुनाव : राधाकृष्णन ने नामांकन पत्र दाखिल किया

नयी दिल्ली : उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने गए राधाकृष्णन के साथ राजग के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा महासचिव पी. सी. मोदी को नामांकन पत्रों के चार सेट सौंपे, जो उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। नामांकन पत्रों के चार सेट में मोदी, सिंह, शाह और जनता दल (यूनाइटेड) नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य प्रस्तावक हैं। निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन पत्रों की जांच की जिसके बाद राधाकृष्णन ने एक रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने प्रधानमंत्री को नामांकन पत्रों की पावती पर्ची सौंपी। मोदी,

शाह, वरिष्ठ मंत्री प्रह्लाद जोशी, धर्मेंद्र प्रधान और राजग के अन्य नेताओं में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) नेता और केंद्रीय मंत्री के. राम मोहन नायडू, शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) नेता चिराग पासवान शामिल थे। सभी नेताओं के साथ राधाकृष्णन संसद भवन स्थित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय तक गए।

भारत ने अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

नयी दिल्ली/बालासोर : भारत ने अपनी सामरिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से 'अग्नि-5' का परीक्षण किया गया और यह मिसाइल सभी परिचालन एवं तकनीकी मापदंडों पर खरी उतरी। बयान के मुताबिक, ''मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का 20 अगस्त को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।'' इसमें कहा गया है, ''परीक्षण में मिसाइल सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों पर खरी उतरी। यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।'' रक्षा सूत्रों ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 11 मार्च 2024 को इसी परीक्षण रेंज से मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक का इस्तेमाल करके 'अग्नि-5' का सफल परीक्षण किया था। सूत्रों के अनुसार, विभिन्न दूरमापी और रडार केंद्रों से इस पूरे परीक्षण पर नजर रखी गई और यह मिसाइल सभी निर्धारित मापदंडों पर खरी उतरी। भारत ने पहली बार 'अग्नि-5' मिसाइल का सफल परीक्षण 19 अप्रैल 2012 को चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से किया था। तब इस मिसाइल को हिंद महासागर में एक निर्दिष्ट बिंदु पर प्रक्षेपित किया था।

पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर 2216.7 किमी में से 1647.6 किमी पर बाड़ का काम पूरा

नई दिल्ली/कोलकाता : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश से लगी 2216.7 किलोमीटर लंबी सीमा में से 1647.696 किलोमीटर हिस्से को बाड़ से कवर किया जा चुका है। यह जानकारी उन्होंने बीजेपी सांसद शंभू शरण पटेल और नीरज शेखर के प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। राय ने बताया कि शेष 569.004 किलोमीटर हिस्से में से 112.780 किलोमीटर पर बाड़ लगाना संभव नहीं है, जबकि 456.224 किलोमीटर हिस्से पर बाड़ लगाई जा सकती है। इनमें से 77.935 किलोमीटर भूमि को कार्यकारी एजेंसी को सौंपा जा चुका है। वहीं 378.289 किलोमीटर हिस्से के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। इसमें से 148.971 किलोमीटर भूमि का अधिग्रहण राज्य सरकार द्वारा अभी शुरू नहीं किया गया है, जबकि 229.318 किलोमीटर भूमि विभिन्न चरणों में अधिग्रहण प्रक्रिया में है। गृह राज्य मंत्री ने उच्च सदन को बताया कि केंद्र सरकार भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज करने के लिए कदम उठा रही है। इस संबंध में राज्य सरकार के साथ नियमित बैठकें और समीक्षा की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि तय मानकों के अनुसार समय पर भूमि अधिग्रहण का भुगतान किया जा रहा है। अब तक 181.635 किलोमीटर भूमि का भुगतान किया जा चुका है। राय ने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल में पिछले तीन वर्षों (1 जनवरी 2023 से 31 जुलाई 2025) के दौरान अवैध घुसपैठ के 3964 मामले सामने आए हैं। भारत-बांग्लादेश सीमा की कुल लंबाई 4096.7 किलोमीटर है। यह सीमा पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों से लगती है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने वाला विधेयक लोकसभा में पारित

ऑनलाइन मनी गेमिंग में हर साल 45 करोड़ लोग गंवा देते हैं 20,000 करोड़ रुपये: सरकारी अनुमान

सरकार का अनुमान है कि ऑनलाइन 'रियल मनी' गेमिंग में हर साल करीब 45 करोड़ लोग लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा बैठते हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि सरकार ने यह माना है कि ऑनलाइन 'रियल मनी' गेमिंग समाज के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है लिहाजा राजस्व हानि की आशंका के बावजूद लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देने का फैसला किया गया है।

नयी दिल्ली : लोकसभा ने ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने एवं शैक्षणिक और सामाजिक ऑनलाइन खेलों को बढ़ावा देने वाले एक विधेयक को पारित कर दिया तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि समाज में एक बहुत बड़ी बुराई आ रही है जिससे बचने के लिए इस विधेयक को लाया गया है। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्ष के सांसदों के हंगामे के बीच 'ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025' को सदन में पारित कराने के लिए रखते हुए वैष्णव ने कहा कि 'ऑनलाइन मनी गेम' आज समाज में बड़ी चिंता का विषय बन गया है और कई ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें इसकी लत लग जाती है तथा जिंदगी भर की बचत (ऑनलाइन) गेम में उड़ा देते हैं। मंत्री ने कहा, ''फ्रॉड और चीटिंग एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि पता ही नहीं चलता कि कौन किसके साथ खेल रहा है। अस्पष्ट एल्गोरिद्म होते हैं। हार निश्चित होती है। वित्तीय नुकसान होते हैं। कई परिवार बर्बाद हो गए। आत्महत्याएं भी हुई हैं।'' सदन ने एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों की लगातार नारेबाजी के बीच बिना चर्चा के ध्वनिमत से 'ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025' को पारित कर दिया। वैष्णव ने एक अंग्रेजी अखबार की कर्नाटक के बारे में प्रकाशित एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 31 महीनों में 32 आत्महत्याएं इस तरह के मामलों में हुई हैं। वैष्णव ने कहा, ''यह लगभग स्थापित हो गया है कि ऑनलाइन गेमिंग, मनी गेमिंग के कारण परिवारों पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।''

सरकार ने भारतीय वायुसेना के लिए 97 तेजस जेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी

नयी दिल्ली : सरकार ने भारतीय वायु सेना के लिए लगभग 85,000 करोड़ रुपये की लागत से 97 हल्के लड़ाकू तेजस विमान और छह उन्नत हवाई पूर्व चेतावनी और नियंत्रण (एईडब्ल्यू एंड सी) विमानों की प्रस्तावित खरीद को मंजूरी दे दी है। मामले से परिचित लोगों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माना जाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने दोनों खरीद परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। जानकारी मिली है कि तेजस विमान की खरीद लगभग 67,000 करोड़ रुपये की लागत से की जाएगी, जबकि एईडब्ल्यू एंड सी विमानों की खरीद के लिए सरकारी खजाने से लगभग 18,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

'अमेरिका नहीं तो हम खरीदेंगे भारत से सामान', ट्रंप ने लगाया टैरिफ तो रूस ने बढ़ाया मदद का हाथ

5% डिस्काउंट पर भारत को तेल देंगे पुतिन

रूस ने अमेरिका के दबाव को दरकिनार करते हुए भारत को कच्चे तेल पर 5% डिस्काउंट देने का ऐलान किया है। पुतिन के इस फैसले से ट्रंप प्रशासन को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल खरीदने को लेकर टैरिफ और प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने साफ कहा कि आर्थिक दबाव में झुकेगा नहीं। यह कदम भारत-रूस ऊर्जा सहयोग को और मजबूत करेगा, जबकि वैश्विक स्तर पर अमेरिका की रणनीति पर सवाल खड़े कर रहा है।

नई दिल्ली : टैरिफ विवाद के बीच रूस ने भारत की ओर एक बार फिर मदद का हाथ बढ़ाया है। रूस ने कहा कि अगर दि भारत को अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने में परेशानी हो रही है तो वह अपने उत्पादों का रूस को निर्यात कर सकता है। दिल्ली में एक एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने कहा कि रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत पर अमेरिका का दबाव अनुचित और एकतरफा है। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय सामानों को अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने में मुश्किलें आ रही हैं, तो रूसी बाजार भारतीय निर्यात का स्वागत कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका ने भारत के लिए एक चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है, लेकिन हमें अपने संबंधों पर भरोसा है। हमें विश्वास है कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत-रूस ऊर्जा सहयोग जारी रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि रूस भारत को कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। और भारत की मांग साल-दर-साल बढ़ रही है। निश्चित रूप से, यह हमारी अर्थव्यवस्थाओं के बीच आपसी सामंजस्य और पूरकता का एक आदर्श उदाहरण है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारा सहयोग जारी रहेगा।

Dr Santosh Kumar

घुटने और हिप रिप्लेसमेंट में रोबोटिक क्रांति!

कोलकाता स्थित बेले व्यू क्लिनिक में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक, प्रसिद्ध जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. संतोष कुमार के पास 17 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने अब तक 35 हजार से अधिक सफल सर्जरी की हैं। वह **संतोष कुमार** हिप और नी फाउंडेशन और मोमेंटम ऑर्थोकेयर के संस्थापक भी हैं, जो जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन का एक समर्पित समूह है, जो हिप और घुटने के प्रतिस्थापन में नवीनता और सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं।

डॉ. कुमार का मानना है कि एक संगठन की ताकत उसकी टीम में होती है। उनकी टीम में कई विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन, चिकित्सक, सहायक, तकनीशियन और फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हैं। डॉ. कुमार का उद्देश्य व्यक्तिगत कौशल, दक्षता, व्यापक अनुभव और विश्वास को स्वास्थ्य सेवा के फ्रंटलाइन में एकीकृत करना है।

साल 2011 में, **डॉ. कुमार** ने कंप्यूटर-समर्थित जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए 'ऑर्थोपायलट' उपकरण का उपयोग किया था। पिछले वर्ष, उन्होंने इस प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए रोबोटिक आर्म का भी समावेश किया, जिससे सर्जरी में और अधिक सटीकता प्राप्त हो रही है। हिप और घुटने के प्रतिस्थापन में बायोमेकानिक्स, जैसे एक सस्पेंशन ब्रिज की यांत्रिकी, का महत्व है और यह बेहतर तरीके से नेविगेशन और रोबोटिक आर्म द्वारा हासिल किया जाता है।

डॉ. संतोष कुमार यह भी मानते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे आधुनिक उपकरण अब सर्जन के हाथों में हैं, जो सर्जरी को और भी सटीक और प्रभावी बनाते हैं। डॉ. कुमार का उद्देश्य घुटना और हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूने के साथ-साथ मरीजों को बेहतर जीवन जीने के अवसर प्रदान करना है। उनके नेतृत्व में, मोमेंटम ऑर्थोकेयर और संतोष कुमार हिप और नी फाउंडेशन ने सर्जरी में एक नया मानक स्थापित किया है।

डॉ. कुमार का कहना है कि सही तरीके से किया गया जॉइंट रिप्लेसमेंट 25 वर्षों से अधिक तक चल सकता है और अगर आवश्यक हो, तो इसे पुनः किया जा सकता है, जिसे 'रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट' कहा जाता है। डॉ. कुमार और उनकी टीम कोलकाता में नियमित रूप से इन रिवीजन प्रक्रियाओं का संचालन करते हैं।

हो प्राकृतिक घुटने के करीब लाने में मदद की है। **डॉ. संतोष कुमार** का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को दर्द रहित बनाना उनका प्रमुख उद्देश्य है, जिसे उच्च सटीकता वाली नर्व ब्लॉक्स और मल्टीमोडल एनाल्जेसिया तकनीकों भी नहीं रहता।

-जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए सुलभ और किफायती हब

डॉ. संतोष कुमार का कहना है कि संतोष कुमार हिप और नी फाउंडेशन और मोमेंटम ऑर्थोकेयर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पूर्व भारत में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए एक किफायती और स्थानीय केंद्र बनाना था।

-फ्री वीडियो कंसल्टेशन और यात्रा खर्च की सुविधा

इसके अलावा, **डॉ. कुमार** अपने मरीजों और उनके साथ आने वाले रिश्तेदारों के लिए बिहार और झारखंड से इलाज के लिए आने वाले मरीजों के यात्रा खर्च को भी वापस करते हैं और उन्हें मुफ्त

Dr Santosh Kumar activating the Robotic Arm during Robotic Knee Replacement

नवीनतम तकनीक

डॉ. संतोष कुमार ने घुटने और हिप रिप्लेसमेंट में नए विकास के बारे में बताया। उन्होंने मोबाइल बेयरिंग रोटेटिंग प्लेटफॉर्म घुटने के रिप्लेसमेंट की बात की, जो खासतौर पर पैरों को क्रॉस करके बैठने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इसके अलावा, कम संपर्क तनाव डिजाइन से इम्प्लांट के जीवनकाल में वृद्धि होती है। काइनेमेटिक एलाइनमेंट का उपयोग करके मेडियल पिवट घुटने ने घुटने के कृत्रिम जोड़ को जितना संभव द्वारा प्राप्त किया जाता है।

-स्टिचलेस सर्जरी का नया युग

डॉ. कुमार बताते हैं कि आजकल वे स्टिचलेस सर्जरी करते हैं, जिससे मरीज को सर्जरी के कुछ ही दिनों बाद स्नान करने की अनुमति मिलती है और कोई भी स्टिच हटाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे लगभग कोई निशान वीडियो कंसल्टेशन की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

डॉ. संतोष कुमार और उनकी टीम का उद्देश्य जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके मरीजों को बेहतर और दर्दमुक्त जीवन प्रदान करना है।

For additional information, feel free to communicate with Dr. Santosh Kumar
at Plot number 236, Lake Town, Block B, Kolkata 700089;
email: sandr@gmail.com; WhatsApp or call: 6289962271 / 9831911584;
or visit: Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata.

जेल सुधार में हरियाणा की बदलावकारी पहल

इसमें दो राय नहीं कि जब भी मूल रूप से जेल की अवधारणा का विकास हुआ होगा, तो उसका मकसद भटके लोगों के जीवन में सुधार ही रहा होगा। किसी सभ्य समाज के कायदे-कानून तोड़ने वाले, भटके हुए लोगों को जेल के एकाकी जीवन में आत्ममंथन का समय देने का भी मकसद रहा होगा। साथ ही यह भी अहसास कराना होगा कि समाज से विलग रहने के क्या मायने हैं। वहीं दूसरी ओर जीवन मूल्यों व सामाजिकता का अहसास कराना भी मकसद रहा होगा। दरअसल, भारतीय न्याय संहिता, 2023 पर आधारित नई व्यवस्था छोटे अपराधों के लिए दोषियों को जेल भेजने के बजाय समाज सेवा करने का अवसर देती है। ताकि उन्हें अपनी गलती का अहसास हो और उत्तरदायित्व के साथ सामाजिकता का बोध हो सके। हरियाणा सरकार द्वारा जारी सामुदायिक सेवा दिशानिर्देश, 2025 की अधिसूचना आपराधिक न्यायिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। जिसका लक्ष्य दंड देने के बजाय सुधार व बदलाव है। ऐसे समय में जब देश की जेलें कैदियों की निर्धारित संख्या से कहीं अधिक बोझ उठा रही हैं। विचाराधीन कैदियों की संख्या 76 फीसदी से अधिक है, राज्य की यह पहल कम जोखिम वाले अपराधियों के लिये कारावास का सकारात्मक विकल्प प्रदान करती है। निस्संदेह, इस पहल का दायरा व्यापक होने के साथ ही उद्देश्यपूर्ण भी है। यह व्यवस्था कम संगीन अपराधों के लिये दोषियों को पार्कों के रखरखाव, अस्पतालों में मरीजों की सहायता करने, आंगनबाड़ियों में योगदान देने, ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, स्वच्छ भारत तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे राष्ट्रीय अभियानों में योगदान के लिये प्रेरित करती है। इस बाबत जारी दिशा-निर्देश किशोरों के लिये भी भूमिकाएं निर्धारित करते हैं। मसलन, नेशनल कैडिट कोर प्रशिक्षण, राष्ट्रीय सेवा योजना, पर्यावरण परियोजनाएं तथा महिलाओं के लिये प्रसूति वार्ड व शिशु देखभाल केंद्र जैसे सुरक्षित स्थानों पर सेवा करने का अवसर प्रदान करती है। निश्चय ही नई व्यवस्था जहां एक ओर अपराधियों को उनके अपराध का प्रायश्चित करने का अवसर प्रदान करती है, वहीं समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देती है।

दरअसल, हरियाणा मॉडल के तहत की जाने वाली पहल, उसे अन्य राज्यों के प्रयासों से विशिष्टता प्रदान करती है। जैसे कि दिल्ली में 40 से 240 घंटे की सेवा निर्धारित करने वाली नीति से अलग, इसके परिचालन का विवरण, इसे विश्वसनीय बनाता है। इसके अंतर्गत बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो-टैग की गई तस्वीरें, वीडियो प्रमाण और प्रगति रिपोर्टिंग सत्यापन इसकी सार्थकता सुनिश्चित करती है। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को गौशालाओं और वृद्धाश्रमों में सेवा करने की सजा और जम्मू की एक अदालत द्वारा अपराधियों को स्वास्थ्य केंद्र और पार्क की सफाई करने के लिये बाध्य करने का आदेश यह दर्शाता है कि सामुदायिक सेवा समाज को लाभ पहुंचाने के साथ ही भटके व्यक्ति के व्यवहार को कैसे नया रूप दे सकती है। निस्संदेह, इस सुधार अभियान को सफल बनाने के लिये सुरक्षा उपाय भी बेहद जरूरी हैं। इस बात में सावधानी बरती जानी चाहिए कि समाज में बार-बार अपराध करने वालों को इस व्यवस्था से बाहर रखा जाए। दूसरा, इससे जुड़ी निगरानी पारदर्शी और मजबूत होनी चाहिए। जिसमें सावधानी से निगरानी और चूक करने पर त्वरित दंड की व्यवस्था भी शामिल है। दूसरा उनके कार्य के परिणाम का मूल्यांकन होना चाहिए कि अभियुक्त अपना काम ईमानदारी से कर रहे हैं। इस बात का भी मूल्यांकन होना चाहिए क्या पीड़ितों को इस तरह की सजा दिए जाने से राहत मिली है। यह भी कि क्या समाज में अपराध की पुनरावृत्ति कम हुई है। यह इस व्यवस्था का सकारात्मक पक्ष है कि छोटी-मोटी गलतियों को यह सामाजिक ऋण चुकाने के अवसर में बदल देता है। साथ ही कारावास से होने वाले नुकसान को कम करता है। कई बार जेल के हालात, विषम परिस्थितियों में भूलवश अपराध करने वाले व्यक्ति को पेशेवर अपराधी बना देते हैं। नई पहल से अपराधी में नागरिक उत्तरदायित्व बोध का भी विकास होता है। यदि इस अभियान को विवेकपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया जाता है तथा ऐसे लोगों की सतर्क निगरानी की जाती है तो यह राष्ट्र के लिये सुधारात्मक न्याय का एक मॉडल भी बन सकता है।

आज का पंचांग

कोलकाता : 21 अगस्त, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 12:48 तक, नक्षत्र : पुष्य, 24:07 तक, योग : व्यतिपाता, 16:11 तक, सूर्योदय: 5:15, सूर्यास्त: 18:05, चन्द्रोदय : 03:04, चन्द्रास्त: 16:55, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 13:14 से 14:49

राशिफल

मेष : कार्यक्षेत्र में विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर आपको शांत रहना होगा और वाणी पर भी संयम रखें। आपके लिए किसी भी विवाद में पड़ना परेशानी खड़ी कर सकता है।

वृष : दिन कारोबार और नौकरी के मामले में उत्तम रहने वाला है। आर्थिक मामलों में लाभ होगा और धन में वृद्धि होने के योग भी बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में भी खुशियां बनी रहेंगी।

मिथुन : हर मामले में आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है और कार्यक्षेत्र में लाभ कमाने के मौके मिलेंगे। आपके पराक्रम में भी वृद्धि होगी और धन लाभ के शुभ योग बन रहे हैं।

कर्क : आप किसी बात को लेकर परेशान रह सकते हैं। ऐसे में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना बेहतर होगा। व्यवसाय के मामले में कोई योजना आगे बढ़ सकती है।

सिंह : आर्थिक मामलों में आपको सावधान रहना होगा। पैसों की लेन-देन के समय सतर्क रहें और जल्दबाजी में कोई फैसला न लें। ऐसा करने नुकसान हो सकता है।

कन्या : कार्यक्षेत्र में किसी निर्णय लेने या कार्य की दिशा में आप थोड़ी उलझन में रह सकते हैं। लेकिन आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहेगा और आपको सफलता भी प्राप्त होगी।

तुला : जो लोग नौकरी की तलाश में लंबे समय से लगे हुए हैं उन्हें कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता और रोजगार मिलने की भी संभावना है। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी।

वृश्चिक : अगर आप लंबे समय से किसी बड़े कर्ज में फंसे हुए थे तो अब छुटकारा मिलने की संभावना है। वहीं, व्यापार के मामले में भी आपको सफलता प्राप्त होगी।

धनु : कार्यक्षेत्र में आपको विरोधियों से सावधान रहना होगा, अन्यथा वे आपके खिलाफ कोई रणनीति बना सकते हैं। वहीं, आर्थिक मामलों में सफलता प्राप्त हो सकती है।

मकर : कार्यक्षेत्र में धैर्य के साथ काम करने से आपके सारे जरूरी काम समय पर पूरे होंगे और नौकरी करने वालों को भी सफलता प्राप्त हो सकती है। परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

कुम्भ : राजनीति की दिशा में किए गए प्रयासों से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है और शासन सत्ता का सहयोग मिलने की भी संभावना है। कार्यक्षेत्र में पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीन : व्यवसाय के मामले में दिन अच्छा रहेगा और लाभ कमाने के मौके मिल सकते हैं। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और सम्मान भी बढ़ेगा। परिवार के मामले में भी दिन अच्छा रहेगा।

बाढ़ पीड़ित परिवारों के खातों में बिहार के मुख्यमंत्री ने भेजे 456 करोड़ रुपये

पटना : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को हालिया बाढ़ से प्रभावित 6.51 लाख से अधिक परिवारों के बैंक खातों में सीधे 456 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, प्रत्येक बाढ़ पीड़ित परिवार को 7,000 रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई है। यह राशि पटना स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान खातों में हस्तांतरित की गई। बयान

में कहा गया, कुल 456.12 करोड़ रुपये की राशि 12 जिलों के 6,51,602 बाढ़ प्रभावित परिवारों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने हाल में अनुग्रह सहायता राशि को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 7,000 रुपये प्रति परिवार करने की घोषणा की थी। अधिकारियों के अनुसार, बीते 24 घंटों में हुई भारी बारिश के कारण कई नदियों के उफान पर होने से राज्य के अनेक हिस्सों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बाढ़ से प्रभावित जिलों में भोजपुर, पटना, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया कि सितंबर में संभावित बारिश को देखते हुए सतर्क रहें। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

महिला सुरक्षा सात दिन का नहीं बल्कि जीवनभर का संकल्प

राजस्थान के पुलिस महानिदेशक शर्मा

जयपुर : राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा ने बुधवार को कहा कि महिला सुरक्षा सात दिन का नहीं बल्कि जीवनभर का संकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में महिला सुरक्षा सबसे ऊपर है। शर्मा ने महिला सुरक्षा को लेकर जयपुर पुलिस के अभियान 'सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी' का यहां उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि महिला सुरक्षा सिर्फ सात दिन का नहीं, बल्कि हमेशा का ही संकल्प है। पुलिस महानिदेशक ने महिलाओं को शक्ति, सहनशीलता और साहस का प्रतीक बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल सामूहिक प्रयासों और महिला शक्ति के साथ-साथ नौजवानों, आमजन एवं समुदाय के सहयोग से ही वास्तविक बदलाव संभव है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस महानिदेशक ने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में महिला सुरक्षा सबसे ऊपर है और 'कालिका पेट्रोलिंग', 'एंटी-रोमियो' और निर्भया स्क्वाड जैसी योजनाओं ने सराहनीय काम किया है। उन्होंने जयपुर को देश का दूसरा सबसे सुरक्षित शहर बताते हुए, इसे विश्व का सबसे सुरक्षित शहर बनाने का लक्ष्य रखा।

राजस्थान के बूंदी में सड़क दुर्घटना में दंपति समेत 4 मजदूरों की मौत, 5 घायल

कोटा (राजस्थान) : राजस्थान के बूंदी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बुधवार को एक अज्ञात ट्रक के पीछे से एक वैन टकरा गई। इस हादसे में एक दंपति समेत चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक नाबालिग सहित पांच अन्य घायल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। डाबी थानाध्यक्ष हेमराज शर्मा ने बताया कि यह घटना बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे डाबी थाना क्षेत्र के सुताड़ा गांव के पास हुई, जब राजस्थान के बारां और मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले से मजदूरों को लेकर कांकरोली एवं नाथद्वारा जा रही वैन ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और घायलों को डाबी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उन्हें कोटा के न्यू मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान संतोष, उसकी पत्नी संगीता, अनिल और देवराज के रूप में हुई है जबकि घायलों में हेमराज, अनिल की पत्नी मीनाक्षी और सौरभ शामिल हैं। शर्मा ने बताया कि नाबालिग समेत दो अन्य की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

उन्नाव में आमने-सामने की भिड़ंत के बाद दो वाहनों में लगी आग, तीन लोगों की जलकर मौत

उन्नाव (उत्तर प्रदेश) : उन्नाव जिले में बुधवार तड़के दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर के बाद उनमें आग लग गई, जिससे तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा तड़के करीब तीन बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर मरी कंपनी मोड़ के पास उस वक्त हुआ जब उन्नाव से हरदोई की ओर जा रहा एक डंपर की हरदोई से उन्नाव की ओर आ रही डीसीएम से टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद छह बजे आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि हादसे में कानपुर देहात निवासी डंपर चालक पवन यादव, जालौन निवासी उसका सहायक सुमित, और संभल निवासी डीसीएम चालक महिपाल की जलकर मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि डीसीएम चालक का सहायक संभल निवासी सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंजमुरादाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और तीन अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

वाराणसी (उप्र) : वाराणसी की एक अदालत ने एक स्थानीय होटल कारोबारी की शिकायत पर छावनी थाना पुलिस को भोजपुरी फिल्म अभिनेता एवं गायक पवन सिंह और तीन अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। यह आदेश 13 अगस्त को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय की अदालत ने कारोबारी विशाल सिंह द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई के बाद पारित किया। यह मामला अब प्रकाश में आया है। विशाल सिंह के वकील आशीष सिंह ने कहा कि उनके मुवक्किल को 2018 की फिल्म 'बॉस' में निवेश के नाम पर ठगा गया। वकील के अनुसार, 'विशाल सिंह की मुलाकात 2017

में मुंबई के फिल्म निर्देशक प्रेम शंकर राय से हुई थी, जिसके बाद उन्हें इस प्रोजेक्ट से जुड़े कई लोगों से मिलवाया गया।' आरोप है कि सिंह को मुनाफे का लालच करके फिल्म में निवेश करने के लिए राजी किया गया और उन्हें मनाने के लिए पवन सिंह के साथ एक मुलाकात भी कराई गई। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसने अपनी और अपने भाई की कंपनी से लगभग 32.60 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा किए। उन्होंने कहा कि जुलाई 2018 में उसे फिल्म का निर्माता घोषित किया गया और मुनाफे का 50 प्रतिशत देने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद उन्होंने इस फिल्म के लिए 1.25 करोड़ रुपये और निवेश किए। आरोप है कि फिल्म सिनेमाघरों में आने के बावजूद सिंह को मुनाफे का उनका हिस्सा कथित तौर पर नहीं दिया गया। व्यवसायी ने आरोप लगाया कि जब उसने अपना बकाया मांगा तो अभिनेता पवन सिंह ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

झारखंड में पुल की मरम्मत में दो माह के विलंब के विरोध में ग्रामीणों ने काटा केक

खूंटी (झारखंड) : झारखंड के खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड स्थित पेलोल गांव के 30 से अधिक ग्रामीणों ने एक पुल की मरम्मत में दो महीने की देरी को लेकर अनूठे तरीके से विरोध जताया। उन्होंने पुल टूटने के दो महीने पूरे होने के प्रतीक के तौर पर मंगलवार को दो पाउंड का केक काटा। यह पुल बनई नदी पर स्थित है, जो खूंटी-तोर्पा-कोलेबीरा सड़क पर राज्य की राजधानी रांची से करीब 50 किलोमीटर दूर है। मानसून के दौरान भारी बारिश के कारण 19 जून को यह पुल ढह गया था। पुल के मरम्मत कार्य में प्रगति नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने यह सांकेतिक विरोध जताया। उनका कहना है कि पुल के टूटने से उन्हें, विशेषकर स्कूल जाने

वाले बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मुरहू प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता बा सिंह हासा ने कहा, दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन न तो मरम्मत कार्य शुरू हुआ है और न ही कोई अस्थायी वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। पेलोल ग्राम प्रधान शंकर तिर्की ने बताया कि प्रशासन की कार्रवाई से बचने के लिए ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण और सांकेतिक विरोध करने का रास्ता चुना। उन्होंने कहा, हमने परंपरागत सड़क जाम के बजाय एक रचनात्मक और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना बेहतर समझा। यह मुद्दा जून में सुर्खियों में आया था, जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया जिसमें स्कूली बच्चे 25 फुट ऊंची बांस की सीढ़ी चढ़कर स्कूल जाते दिखे थे। इसके बाद प्रशासन ने हस्तक्षेप करते हुए शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था का आश्वासन दिया था। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अब तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। ग्राम प्रधान तिर्की ने कहा, सरकार की ओर से इस अहम बुनियादी ढांचे को बहाल नहीं करने से हमारे बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों खतरे में पड़ गई है।

बिहार पुलिस विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में संदिग्धों का 'लाई-डिटेक्शन टेस्ट' की संभावना तलाश रही

पटना : बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में कुछ संदिग्धों का लाई डिटेक्शन टेस्ट (झूठ पकड़ने वाली मशीन से जांच) कराने की संभावना पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस मामले में ईओयू ने जिन लोगों से पूछताछ की है उनमें राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की पूर्व विधायक बीमा भारती और भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव शामिल हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (ईओयू) मानवजीत सिंह ढिल्लों ने कहा, जांचकर्ताओं ने एक पूर्व विधायक और मौजूदा विधायकों समेत कई लोगों से पूछताछ की है। संदिग्धों में से कुछेक सवालों के संतोषजनक जवाब देने में नाकाम रहे। हम कुछ संदिग्धों का 'लाई डिटेक्शन टेस्ट' कराने समेत अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं। ईओयू फरवरी 2024 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजद) सरकार द्वारा जीते गए विश्वास मत से पहले खरीद-फरोख्त के आरोपों की जांच कर रहा है। पटना के कोतवाली थाने में दर्ज प्राथमिकी में जद (यू) के विधायक सुधांशु शेखर ने आरोप लगाया था कि उन्हें राजद में शामिल होने के लिए रिश्वत की पेशकश की गई थी।

फर्जी मामले दर्ज कराने को लेकर लखनऊ के वकील को आजीवन कारावास

लखनऊ : लखनऊ की एक विशेष अदालत ने एक वकील को दलित महिला की पहचान का दुरुपयोग करके अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कई फर्जी मामले दर्ज कराने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 5.10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए परमानंद गुप्ता को अपने प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने के लिए एक दलित महिला पूजा रावत के माध्यम से झूठे मुकदमे दर्ज कराने की साजिश रचने और कानून के दुरुपयोग का दोषी करार दिया।

जयपुर में दो सगे भाइयों के शव कार में मिले: पुलिस

जयपुर : जयपुर में दो बच्चों के शव मंगलवार देर रात घर के बाहर खड़ी एक कार में पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों नाबालिग सगे भाई थे। पुलिस ने बताया कि घटना गलतागेट थाना क्षेत्र की है, जहां शहजाद के बेटे अनस (आठ) और अहसान (पांच) मंगलवार शाम को घर के पास खेलते समय लापता हो गए। जब वे देर तक नहीं लौटे, तो परिवार के सदस्यों ने उनकी तलाश शुरू की। बाद में दोनों लड़के घर के पास खड़ी एक गाड़ी में बेहोश पाए गए। उन्हें एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि मौत का कारण गाड़ी के अंदर दम घुटना हो सकता है, जबकि परिवार के सदस्यों ने हत्या का आरोप लगाया है।

उत्तर प्रदेश: जलालाबाद का नाम बदलकर परशुराम पुरी किया गया

शाहजहांपुर : उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी कर दिया गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम की जन्म स्थली जलालाबाद मानी जाती है और इसी आधार पर वर्षों से ग्रामीण व स्थानीय संगठन कस्बे का नाम बदलने की मांग कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' करने की अनुमति देने पर गृह मंत्री अमित शाह का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार! उन्होंने कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार, वंदन एवं अभिनंदन! आपके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आए इस निर्णय ने सम्पूर्ण सनातनी समाज को गर्व का क्षण प्रदान किया है। प्रसाद ने कहा, भगवान परशुराम जी के चरणों में कोटि-कोटि नमन! आपकी कृपा मात्र से ही इस पुनीत कार्य में निमित्त बन सका। आपकी कृपा दृष्टि संपूर्ण जगत पर बनी रहे। जलालाबाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि जन भावनाओं का सम्मान करते हुए केंद्र सरकार ने मुख्य सचिव को प्रेषित पत्र में जलालाबाद कस्बे का नाम बदलकर परशुराम पुरी कर दिया है।

नफरती भाषण देने के मामले में अब्बास अंसारी की दोषसिद्धि रद्द, सदस्यता बहाल होने का रास्ता लगभग साफ

प्रयागराज/लखनऊ : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वर्ष 2022 में नफरत भरा भाषण देने संबंधी मामले में पूर्व सांसद मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की दोषसिद्धि बृहस्पतिवार को रद्द कर दी। अदालत के इस फैसले के साथ ही अब्बास की विधानसभा सदस्यता बहाल होने का रास्ता भी लगभग साफ हो गया है। न्यायमूर्ति समीर जैन ने विशेष सांसद-विधायक अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें अब्बास को दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई थी। मऊ की विशेष अदालत ने भाषण मामले में 31 मई को अब्बास को दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई थी। अब्बास को भारतीय दंड संहिता

की धारा 153-ए (विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य बढ़ाना) और 189 (लोक सेवक को चोट पहुंचाने की धमकी), धारा 506 (आपराधिक धमकी) और धारा 171एफ (चुनाव में अनुचित प्रभाव डालना) के तहत सजा सुनाई गई थी। उन पर 2000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। अब्बास ने अपीलीय अदालत का रुख किया, जिसने पांच जुलाई को उनकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद उन्होंने राहत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। दोषसिद्धि रद्द किए जाने के बाद अब्बास की विधानसभा सदस्यता बहाल किए जाने की संभावना प्रबल हो गई है। विधानसभा सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि दोषसिद्धि रद्द किए जाने की स्थिति में सदन की सदस्यता बहाल किए जाने के लिए अपील की जा सकती है।

वर्ग पहेली नं. 3183



बायें से दायें:- 1) समाचारपत्र, 4) रिश्तेदारी, 7) संबंध, 8) एक संख्या, 10) एक बिहारी शहर, 11) बिदकना; डरना, 14) ज्वाला, 15) अवश्यंभावी, 16) कुकर्म, 17) सालाना, 18) बकवासपूर्ण; अत्यधिक, 21) गरीबी, 22) आंदोलनकर्ता; प्रचारक; घोषणाकर्ता, 24) पादुका, 26) हाथ *(ताश)*; पारी, 28) पोंछा, 29) छलनी, 30) दिशानिर्देश.

ऊपर से नीचे:- 1) यतीमख़ाना, 2) कसूर; भूल, 3) दौड़ाकी, फिसलन; रिपोर्ट, 4) आदरपूर्णक तुम; जल, 5) पानी भरने का घाट, 6) गोल घेरा, 9) एक अन्न, 10) गिराना, 12) दंगा, 13) विध्वंसकारी, 15) स्वीकारना, 16) फंदा, 18) कोई और, 19) व्यर्थ की झंझट, 20) हैरानी, 21) रोज़ाना, 23) मौखिक, 24) रुका हुआ; पैरों पर, 25) बुलंद; शिखरीय; महँगा, 27) परंपरा; शैली. *(उत्तर: अगले अंक में)*

पिछली पहेली का उत्तर

भ	या	व	ह	■	अ	जी	ब	■	भ
ड़	■	ह	ल	च	ल	■	क	न्न	ड़
स	भा	■	फ़	■	ग	ग	रा	■	का
■	ई	मा	न	■	नी	म	■	■	ना
भू	चा	ल	■	स	■	ला	ल	ची	■
खा	रा	■	आ	म	दा	■	गा	ज़	र
नं	■	ब	स	र	■	जी	ता	■	स
गा	ली	चा	■	भू	■	त	र	■	भ
■	ची	■	शा	मिया	ना	■	■	बा	री

Mob. No. 08329510310

सुडोकू-पहेली-3140

1			4	7				
						2		
8	9					1		3
			2		6		4	
				9		5		7
	2							
	6	1	8			3		
4				5				

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3139 का उत्तर

5	8	2	6	3	4	1	9	7
3	7	9	1	5	8	6	4	2
1	4	6	2	7	9	8	5	3
7	9	5	4	1	3	2	8	6
4	2	1	5	8	6	3	7	9
8	6	3	9	2	7	4	1	5
9	1	4	7	6	2	5	3	8
6	3	7	8	4	5	9	2	1
2	5	8	3	9	1	7	6	4

मोदी सरकार बिना जवाबदेही के सत्ता हासिल करने में रूचि रखती है : अभिषेक बनर्जी

कहा... 'गृह मंत्री ने 20 मार्शलों की मदद से विधेयक पेश करते हुए कायरतापूर्ण व्यवहार किया'

कोलकाता, समाज्ञा : तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को हटाने का प्रावधान करने वाले विधेयक मोदी सरकार द्वारा जवाबदेही के बिना सत्ता बनाए रखने का प्रयास हैं। कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अभिषेक ने दावा किया कि ये विधेयक एक नौटंकी से अधिक कुछ नहीं हैं, क्योंकि केंद्र मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को आगे बढ़ाने में अपनी विफलता से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है, जिसे अब उच्चतम न्यायालय में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम इन विधेयकों का समर्थन करने वाले पहले व्यक्ति होंगे। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि मंत्रियों की जेल की अवधि को

प्रस्तावित 30 दिन से घटाकर 15 दिन कर दिया जाए। लेकिन सरकार को यह प्रावधान जोड़ना होगा कि यदि 16वें दिन मंत्री दोषी साबित नहीं होते हैं, तो संबंधित एजेंसी के जांच अधिकारियों और उसके शीर्ष अधिकारियों को जांच के नाम पर नेता को जेल में रखने की अवधि से दोगुने समय तक जेल में रहना होगा। अभिषेक ने कहा कि इन विधेयकों को पारित करने के लिए दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है, क्योंकि इनका उद्देश्य संविधान में संशोधन करना है, लेकिन संसद में ये कभी पारित नहीं हो पाएंगे, क्योंकि भाजपा के पास आवश्यक संख्याबल नहीं है। उन्होंने दावा किया कि महज 240 सांसदों के साथ, उधार के समय में सरकार संविधान को फिर से लिखने का प्रयास कर रही है। बिना प्रक्रिया का पालन किए, यहां तक कि सदस्यों के समक्ष विधेयक पेश किए बिना, भाजपा 130वें संविधान संशोधन के जरिये लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश कर रही है। अभिषेक ने दावा किया कि विधेयकों को पेश करने के पीछे की मंशा भाजपा को बिना जवाबदेही के सत्ता, धन और राष्ट्र पर नियंत्रण बनाए रखने में सक्षम बनाना है। इसलिए वे विधेयकों में हमारी मांग के अनुसार जवाबदेही वाला प्रावधान कभी शामिल नहीं करेंगे। भारत के लोगों ने इसे सफलतापूर्वक रोक दिया है। अभिषेक ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री ने 20 मार्शलों की मदद से विधेयक पेश करते हुए कायरतापूर्ण व्यवहार किया।

कस्बा सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपी सुरक्षा गार्ड की जमानत खारिज

कोलकाता, समाज्ञा : कस्बा सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपी सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी ने हाई कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दी थी, लेकिन बुधवार को उसको जमानत नहीं मिली। इस दीन, आर-ोपी पिनाकी ने अलीपुर जिला न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के समक्ष अर्जी दी। हालांकि, उसको जमानत नहीं मिली। पुलिस की ओर से विशेष लोक अभियोजक उपस्थित नहीं हुए। अन्य मामलों में उनकी व्यस्तता के कारण समय मांगा गया है। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त तय की गई है। उल्लेखनीय है कि कस्बा सामूहिक दुष्कर्म मामले में मनोजीत मिश्रा समेत दो लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही उस समय लॉ कॉलेज में मौजूद सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि मनोजीत और उसके साथियों ने युवती को उसके घर में प्रताड़ित किया। उस समय कॉलेज का गेट बंद होने का भी आरोप लगा था। इसके बाद, पुलिस ने सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद से ही सुरक्षा गार्ड ने हमेशा खुद को 'निर्दोष' बताया है। बुधवार को वह जमानत याचिका दायर नहीं कर सका।

चकदह में निजी बैंक से बदमाशों ने 14 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण लूटे

❑ **पुलिस कर्मचारियों से कर रही है मैराथन पूछताछ**

कोलकाता, समाज्ञा : नदिया जिला के चकदह स्थित एक निजी बैंक में डकैती से इलाके में दहशत फैल गई है। मंगलवार की शाम के बाद पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और विभिन्न जगहों पर तलाशी चला रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लगभग 15 किलो सोना लूटा गया है, जिसकी कीमत लगभग 14 करोड़ रुपये आंकी गई है। इतनी बड़ी मात्रा में सोना कहां गया? यही सवाल उठ रहा है। चकदह थाने की पुलिस बैंक कर्मचारियों से बारी-बारी से पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, गत मंगलवार की शाम दो बदमाशों ने चकदह थाना अंतर्गत लालपुर में चकदह-बनगांव रोड स्थित निजी बैंक पर धावा बोल दिया। उस वक्त बैंक के अंदर कुल चार कर्मचारी मौजूद थे। बताया गया है कि बैंक में जेवर रखकर पैसे उधार दिए जाते थे। बताया गया है कि बैंक की तिजोरी में काफी जेवर थे। बैंक में घुसते ही दोनों बदमाशों ने मुख्य दरवाजे का शटर नीचे कर दिया। फिर, बैंक कर्मचारियों को आग्नेयास्त्रों से धमकाया गया। इसके बाद, बदमाश सोने के आभूषणों से भरे दो बैग लेकर भाग गए। उसके बाद, बैंक कर्मचारियों ने चकदह थाने को सूचित किया। बाद में, एक बड़ी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची। रानाघाट पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार मौर्य भी जांच करने गए। शाम से बुधवार की दोपहर तक इस घटना में किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। जांचकर्ताओं ने बैंक के सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए हैं। दोनों बदमाश वहां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उस फुटेज को दिखाकर विभिन्न स्थानों की तलाशी ली जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है। जांचकर्ता लगातार बैंक कर्मचारियों से पूछताछ कर रहे हैं। क्या बैंक कर्मचारी किसी तरह बदमाशों से जुड़े हैं? बैंक की सुरक्षा कितनी थी? उस समय सुरक्षा गार्ड कहां था? ये ऐसे सवाल हैं जो उठे हैं। पूरी घटना से इलाके में दहशत फैल गई है।

Name Change

I, Fatehchand Agarwal (old name) S/O Late Sageramlji Agarwal, residing at NATURAL CITY, BLOCK E, FLAT 8D, 8TH FLOOR, 43 SHYAMNAGAR ROAD, SATGACHI, SOUTH DUM DUM, NORTH 24 PARGANAS, WEST BENGAL, PIN-700055, India, have changed my name and shall henceforth be known as Fate Chand Agarwal (new name), as declared before the notary public at Kolkata, vide an affidavit no dated 20/08/2025. Fate Chand Agarwal (new name) and Fatehchand Agarwal (old name) both are same and identical person.

राज्यपाल के नाम पर साइबर धोखाधड़ी, राजभवन ने जारी की गाईडलाइन

कोलकाता, समाज्ञा

राज्य के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आंनद बोस के नाम पर ही साइबर ठगी की कोशिश का मामला सामने आया है। कोलकाता में ऐसे आरोप सामने आए हैं। इसलिए, राजभवन की ओर से राज्य के लोगों को तुरंत चेतावनी दी गई। आरोप है कि कभी फोन कॉल, कभी ईमेल, तो कभी सोशल मीडिया मैसेज के जरिए पैसे मांगे जा रहे हैं। जैसे ही मामला राज्यपाल के संज्ञान में आया, राजभवन में हड़कंप मच गया। आम लोगों को तुरंत चेतावनी दी गई। कथित तौर पर, राज्यपाल बोस की ओर से राजभवन की ओर से संदेश दिया गया है कि आम लोग बेहद सावधान रहें।

साफ तौर पर कहा गया है कि राजभवन कभी भी, किसी भी कारण से किसी से पैसे नहीं मांगता है। अगर किसी को राजभवन के नाम पर पैसे देने की बात कही जाती है, तो उसे फर्जी मान लिया जाना चाहिए। राजभवन की ओर से दिए गए दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि अगर कोई राज्यपाल कार्यालय से होने का दावा करके उनसे संपर्क करता है, तो उसकी प्रामाणिकता हमेशा सत्यापित की जानी चाहिए। अगर ऐसा कोई कॉल या मैसेज आता है, तो व्यक्तिगत जानकारी न देने की भी चेतावनी दी गई है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की भी सलाह दी गई है। शिकायत की सूचना नजदीकी थाने या साइबर सेल को देने को कहा गया है। राजभवन ने राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल, cybercrime.gov.in पर भी शिकायत दर्ज कराने को कहा गया है।

नयी भर्ती प्रक्रिया के लिए 100 'दागी' शिक्षकों के आवेदन खारिज

कोलकाता, समाज्ञा : स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) ने नयी भर्ती प्रक्रिया के लिए 100 शिक्षकों के आवेदन खारिज कर दिए हैं। इन शिक्षकों को सरकारी स्कूलों में नौकरी पाने के तरीके के कारण 'दागी' करार दिया गया था। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, ये शिक्षक उन 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों में शामिल हैं, जिनकी नियुक्तियां तीन अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दी थी। उन्होंने कहा कि यह पता लगाने के बाद कि उन्हें नौकरी कैसे मिली, कुल 1,803 शिक्षकों को ''दागी'' के रूप में चिह्नित किया गया था और ये 100 शिक्षक उनमें से थे। अधिकारी ने कहा, ''इन 100 शिक्षकों ने आगामी राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) 2025 के लिए डब्ल्यूबीएसएससी की वेबसाइट पर आवेदन किया था। उन्हें अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की अनुमति नहीं दी गई। ऐसा उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार किया गया।'' उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 35,726 सहायक अध्यापक पदों के लिए एसएलएसटी सात और 14 सितंबर को आयोजित की जाएगी। अधिकारी के मुताबिक, परीक्षा के लिए लगभग 5.8 लाख अनंतिम प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया था, जिसमें 25,753 शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की नियुक्तियां रद्द करने के शीर्ष अदालत के तीन अप्रैल के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया था।

मुख्यमंत्री ममता 26 अगस्त को पूर्व बर्दवान जिले के दौरे पर जाएंगी

कोलकाता, समाज्ञा : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर जिले के दौरे पर जा रही हैं। मुख्यमंत्री 26 अगस्त को बर्दवान जाएंगी। वहां एक प्रशासनिक समारोह में जमीन के मालिकाना हक के दस्तावेज सौंपेंगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री पूर्व बर्दवान जिले में कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगी। बर्दवान हाई स्कूल मैदान में जमीन के मालिकाना हक के दस्तावेज सौंपने के साथ ही, मुख्यमंत्री एक प्रशासनिक बैठक भी करेंगी। मुख्यमंत्री 26 अगस्त को सड़क मार्ग से बर्दवान जाएंगी और उसी दिन कोलकाता लौट जाएंगी।

अमित शाह कोलकाता में फिर से पूजा का करेंगे उद्घाटन

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दुर्गा पूजा में फिर से बंगाल आएंगे। बता दें कि वह आखिरी बार 2023 में लोकसभा चुनाव से पहले आए थे। वह 2024 में नहीं आए। इस बार, शाह 2025 में दुर्गा पूजा का उद्घाटन करने के लिए फिर से राज्य में आ रहे हैं। इसका लक्ष्य 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करना है। भाजपा सूत्रों के अनुसार, शाह महालया के अगले दिन कोलकाता में दो और साल्टलेक में एक मंडप का फीता काटेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री की पूजा उद्घाटन की सूची में उत्तर कोलकाता में एक पूजा के साथ-साथ साल्टलेक के ईजेडसीसी में पश्चिम बंगाल संस्कृति मंच द्वारा आयोजित पूजा भी शामिल है। पिछले साल, भाजपा के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पूजा के दौरान आए थे। उन्होंने उत्तर कोलकाता और हावड़ा में कुल दो पूजा का उद्घाटन किया। इस बार अमित शाह आ रहे हैं।

मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ चार्जशीट मंजूर, ईडी की विशेष अदालत ने समन किया जारी

कोलकाता, समाज्ञा : शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मामले में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य के लघु एवं कुटीर उद्योग मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ दायर चार्जशीट को मंजूरी दे दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को ईडी की विशेष अदालत को यह जानकारी दी। बुधवार को ईडी की विशेष अदालत ने मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ समन जारी करने का निर्देश दिया। अदालत ने साफ कहा है कि मंत्री को अगले 15 दिनों के भीतर अदालत में पेश होना होगा। साथ ही, स्पष्ट आदेश दिया गया है कि उन्हें 12 सितंबर तक हर हाल में आत्मसमर्पण करना होगा। ईडी सूत्रों के अनुसार, इस मामले की जांच में बर्दवान जिले के निष्कासित तृणमूल युवा नेता कुंतल घोष से पूछताछ के दौरान चंद्रनाथ सिन्हा का नाम सामने आया था। जांच एजेंसी को उनके बैंक खाते में भारी रकम का पता चला है, जिसके स्रोत की जांच की जा रही है। इसी महीने की शुरुआत में ईडी ने कोलकाता की विशेष सीबीआई अदालत में सिन्हा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

पटरियों पर पानी भरने के कारण एक घंटे तक बाधित रहीं मेट्रो सेवाएं

कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में कालीघाट और नेताजी भवन स्टेशनों के बीच पटरियों पर पानी भरने के कारण ब्ल्यू लाइन के नाम से जाने जाने वाले कोलकाता मेट्रो के दक्षिणेश्वर-शहीद खुदीराम खंड पर सेवाएं एक घंटे से ज़्यादा समय तक बाधित रहीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 11:20 बजे ब्ल्यू लाइन के भूमिगत हिस्से में पटरियों पर पानी भरने के कारण ट्रेनों की आवाजाही आंशिक रूप से रोक दी गई। अधिकारी ने बताया कि हालांकि, दक्षिणेश्वर से मैदान और महानायक उत्तम कुमार (टॉलीगंज) से शहीद खुदीराम (गरिया के पास बिरजी) स्टेशनों तक अप और डाउन दोनों खंडों में मेट्रो सेवाएं उपलब्ध थीं। उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि रात भर हुई भारी बारिश के कारण जलभराव हुआ है। अधिकारी ने कहा कि मेट्रो अधिकारियों ने जमा पानी को निकालने और प्रभावित हिस्से में सेवाएं बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर काम किया। उन्होंने कहा कि पानी बाहर निकाल दिए जाने के बाद, पूरे मार्ग पर सेवाएं बहाल करने की प्रक्रिया एक घंटे बाद शुरू हो गई।

CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS

खुली ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित **ई-निविदाएँ www.gem.gov.in** लिंक पर देखी जा सकती हैं। ऐसी ई-निविदाओं के लिए प्रस्ताव केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपर्युक्त वेबसाइट → **लॉगिन** पर जाकर प्रस्तुत किए जा सकते हैं। विक्रेता किसी विशेष निविदा या संबंधित जानकारी, यदि कोई हो, के बारे में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं: उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम-II/सीएलडब्ल्यू/ चितरंजन, मोबाइल नंबर 9163340726। **[ए] संख्या: सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ ई-निविदा/19/0162, दिनांक: 11/08/2025। क्रम संख्या: सं.: [1]। निविदा सं./GEM बोली सं.: GEM/2025/B/6554716। वस्तु का संक्षिप्त विवरण:** IS 7098 (भाग 1) (Q2) के अनुसार 1.1 KV तक और इसमें शामिल कार्यशील वोल्टेज के लिए XLPE केबल। (XLPE इंसुलेटेड एल्युमीनियम आर्मर्ड केबल 1.1 KV ग्रेड साइज 4 कोर 185 SQMM) **GeM बोली सं. GEM/2025/B/6554716 दिनांक: 11-08-2025 के अनुसार। मात्रा: 5000 मीटर। बयाना राशि जमा (रुपये):** ₹218400.00। **निविदा समापन तिथि एवं समय (आईएसटी): 01-09-2025, 13:30:00 बजे। [बी] सं. सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ ई-निविदा/19/0162, दिनांक: 11/08/2025। क्रम संख्या: [1]। निविदा संख्या/जीईएम बोली संख्या: जीईएम/2025/बी/6538589। आइटम का संक्षिप्त विवरण:** ग्रीन एसी, वॉल माउंट टाइप (V2) (Q2) सहित स्प्लिट एयर कंडीशनर, IS 1391 (भाग 1) (Q2) के अनुसार यूनिटरी एयर कंडीशनर (विंडो एसी) (V2) (1) ग्रीन एसी, वॉल माउंट टाइप (V2) सहित स्प्लिट एयर कंडीशनर (20 pieces), (2) IS 1391 (भाग 1) के अनुसार यूनिटरी एयर कंडीशनर (विंडो एसी) (V2) (5 pieces), (3) ग्रीन एसी, वॉल माउंट टाइप (V2) सहित स्प्लिट एयर कंडीशनर (136pieces)। **GeM बोली संख्या GEM/2025/B/6538589 दिनांक: 11-08-2025 के अनुसार। मात्रा: 161 नग। बयाना राशि (रुपये):** अनुसूची 1 = 23280.00, अनुसूची 2 = 3640.00, अनुसूची 3 = 120825.00। **निविदा समाप्ति तिथि एवं समय (आईएसटी): 04-09-2025, सुबह 10:30 बजे।**

PR7/175 PCMM/CLW/CRJ

Like us on: www.facebook.com/clwrailways

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता (वर्कशॉप), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर वर्कशॉप, खड़गपुर द्वारा निविदा सूचनाओं में दिए गए विवरण के अनुसार निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं.; कार्य का नाम; कार्य की अनुमानित लागत; बयाना राशि: (1) ई-63-डीवाईसीईई/केजीपीडब्ल्यू-आईओटीडब्ल्यू-25-26, दिनांक 19.08.2025;** खड़गपुर वर्कशॉप में विद्युतीय सामान्य सम्पत्तियों के आईओटी डिवाइसों/इंटेलीजेंट फील्ड डिवाइसों (आईएफडी) का प्रावधान; रु. 1,34,96,012.02, रु. 2,17,500, **(2) ई-65-डीवाईसीईई/केजीपीडब्ल्यू-जीसीओसी-25-26, दिनांक 19.08.2025;** खड़गपुर वर्कशॉप में ग्रीन कंपनी रेटिंग सिस्टम (ग्रीनको) का प्रमाणीकरण, रु. 10,03,000, रु. 20,100, **(3) ई-66-डीवाईसीईई/केजीपीडब्ल्यू-एचकेएएस-25-26, दिनांक 19.08.2025;** स्केच सं. 1048-केजीपी के अनुसार उप मुख्य विद्युत अभियंता (वर्कशॉप)/खड़गपुर के नियंत्रण के अधीन शॉप फ्लोर, प्रशासनिक कार्यालय भवनों इत्यादि एवं खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे में 02 अदद शौचालय ब्लॉकों (शॉप सं. 51 के निकट एवं शॉप सं. 52 के पीछे की ओर) का 24 महीने की अवधि के लिए हाउसकीपिंग क्रियाकलाप, रु. 11,12,62,141.05; रु. 2,06,300; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** क्रमांक 1 के लिए 22.09.2025 को अपराह्न 4.00 बजे, क्रमांक 2 के लिए 15.09.2025 को अपराह्न 4.00 बजे तथा क्रमांक 3 के लिए 08.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे, इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **(PR-539)**

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 19.08.2025। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्र. सं.:** 1। **निविदा संख्या: टीएन-88-25-26। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/सोनारपुर के अधीन बालीगंज (छोड़कर) से बारुईपुर (छोड़कर) तथा सोनारपुर से कैनिंग अप एवं डाउन लाइन खंड पर विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,04,69,094.05। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,02,400। **क्र.सं.:** 2। **निविदा संख्या: टीएन-91-25-26। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/पी.वे/ बारासात के अधीन दमदम कैंटोनमेंट-बारासात-हसनाबाद खंड पर विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,11,61,161.62। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,05,800। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना (क्र.सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 12.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (क्र. सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा दस्तावेज एवं विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। अनुबंध 2022 की भारतीय रेल मानक सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **12.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** (क्र. सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)।

(SDAH-169/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/ 25/21(नोटिस)/691, दिनांक: 19.08.2025। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं.:** 1। **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3361। कार्य का नाम:** बीएमजी में इलेक्ट्रिक लोको शेड तथा सीटीओ में 0.2 एमएलडी क्षमता वाली निकासी प्रणाली के ईटीपी का स्थापना कार्य के सम्बन्ध में विद्युतीय पावर आपूर्ति के लिए विद्युतीय (जी) कार्य (चरण-1)। **निविदा मूल्य:** ₹ 30,08,442। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 60,200। **क्र.सं.:** 2। **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3380। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (1)/हावड़ा के अधीन मगरा गुड्स शेड का क्रमोन्नयन तथा आधुनिकीकरण के लिए विद्युतीय साधारण कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 45,11,022। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 90,200। **पूरा करने की अवधि:** 180 दिन (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.09.2025 को अपराह्न 5.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-254/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: एमसी_डब्ल्यूसी_ईओटीक्रेन_एसडीएएच_2025, दिनांक : 14.08.2025। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, रूम संख्या 42, पहली मंज़िल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता- 700014 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में 'एकल लिफाफा प्रणाली' में मुहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/विवरण:** 02 वर्षों के लिए सियालदह सी एंड डब्ल्यू डिपो में ईओटी क्रेन के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका (सीएएमसी)। **निविदा मूल्य:** ₹ 18,72,779.76। **बयाना राशि:** ₹ 37,500। **ठेके की अवधि:** 24 महीना। **बोली शुरू होने की तारीख:** 22.08.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 05.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 05.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य हेतु पात्रता की शर्तों सहित निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) पर देखा एवं से डाउनलोड किया जा सकता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(SDAH-171/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: एमसी_डब्ल्यूसी_ब्रेक वैन_आरएसपी _25, दिनांक: 14.08.2025। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, रूम संख्या 42, पहली मंज़िल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में 'एकल लिफाफा प्रणाली' में मुहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/विवरण:** नैहाटी आरओएच/ यार्ड के लिए 150 अदद ब्रेक वैन की जांच के लिए अडजस्टेबल गार्ड चेयर तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,13,98,700। **बयाना राशि:** ₹ 2,57,000। **ठेके की अवधि:** 24 महीना। **बोली शुरू होने की तारीख:** 22.08.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 05.09.2025 को दोपहर 1.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 05.09.2025 को दोपहर 1.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य हेतु पात्रता की शर्तों सहित निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) पर देखा एवं से डाउनलोड किया जा सकता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(SDAH-172/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कौशिकी अमावस्या मेला के दौरान हावड़ा और रामपुरहाट के बीच स्पेशल ट्रेन

तारापीठ में कौशिकी अमावस्या मेला के दौरान तीर्थयात्रियों/यात्रियों की अपेक्षित भारी भीड़ को संभालने के लिए, एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन अर्थात् **03001/03002 हावड़ा-रामपुरहाट-हावड़ा स्पेशल** हावड़ा और रामपुरहाट के बीच तीन दिनों के लिए अर्थात दिनांक **22.08.2025 (शुक्रवार), 23.08.2025 (शनिवार) और 24.08.2025 (रविवार)** को चलाई जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन के लिए समयसूची, ठहराव और गठन निम्नानुसार होंगे:

आ.	प्र.	03001 स्टेशन 03002	आ.	प्र.
–	05:45	↓ हावड़ा	15:55	–
06:12	06:14	↓ सेवड़ाफुली	15:10	15:12
06:38	06.40	बैण्डेल	14:48	14:50
07:36	07:38	बर्द्धमान	13:31	13:33
08:10	08:12	गुसकरा	12:58	13:00
08:31	08:33	बोलपुर (शांतिनिकेतन)	12:33	12:35
09:03	09:05	सांइथिया	12:00	12:02
09:45	–	रामपुरहाट ↑	–	11:32

गठन: साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-08 एवं एसएलआर-02=10 कोच।
किराया: मेल/एक्सप्रेस। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें।

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

पूर्व रेलवे

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/जीएसयू/एस एंड टी/एचडब्ल्यूएच/01, दिनांक: 19.08.2025। उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई/संकेत एवं दूरसंचार, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: डीसीपीएम-एसएनटी-आरएसपी-एचडब्ल्यूएच-टीएसएम-01-25-26। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में झील साइडिंग कोचिंग डिपो पर ट्रेन सेट रखरखाव सुविधा की स्थापना के सम्बन्ध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.1,00,35,151.81। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,00,200। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **निविदा जमा श

दुर्गापुर में स्पंज आयरन फैक्ट्री में उबलते लोहे से झुलसकर एक मजदूर की मौत

❑ घटना में पांच अन्य मजदूर भी हुए घायल

दुर्गापुर : एक स्पंज आयरन फैक्ट्री में नाईट शिफ्ट में गर्म कलछी से उबलता लोहा गिरने से एक मजदूर की झुलसकर मौत हो गयी। जबकि, इस घटना में पांच अन्य घायल हो गए। यह दुखद घटना मंगलवार की रात दुर्गापुर में हुई। मृतक मजदूर का नाम नवीन कुमार (27) है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और फैक्ट्री सूत्रों के अनुसार, गत मंगलवार की रात मजदूर काम कर रहे थे। नवीन कुमार गर्म स्लैग से भरे कलछी के पास काम कर रहे थे। अचानक स्लैग गिर गया और उन पर गिर गया। वह तुरंत जल गए। पास में और भी मजदूर मौजूद थे। स्लैग गिरने से पांच और मजदूर घायल हो गए। अन्य मजदूरों में दहशत फैल गई। घायल मजदूरों को बचाकर बिधाननगर के एक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है। नवीन कुमार को दुर्गापुर उपजिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लेकिन, यह घटना कैसे हुई? क्या काम के दौरान मजदूरों की पर्याप्त सुरक्षा की गई थी? ये सवाल उठ रहे हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही तृणमूल श्रमिक संगठन की दुर्गापुर कोर कमेटी के नेता घटनास्थल पर पहुंचे। मृत युवक बिहार का रहने वाला है। मृतक के परिजनों को दुखद समाचार भेज दिया गया है। तृणमूल श्रमिक संगठन के नेताओं ने मृतक के परिवार के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया है। इस घटना के संबंध में फैक्ट्री अधिकारियों की ओर से कोई बयान नहीं आया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दुर्गापुर में ईसीएल कोलियरी की दीवार टूटने से पानी का रिसाव, मजदूर की मौत

दुर्गापुर : ईसीएल कोलियरी में काम करते समय खदान में पानी घुसने से एक मजदूर की मौत हो गई। पानी के कारण चार और मजदूर लापता हो गए। बाद में, उन्हें बचा लिया गया। इस घटना से दुर्गापुर इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक मजदूर की पहचान विवेक कुमार माझी के रूप में हुई है। पता चला है कि ईसीएल के बकोला क्षेत्र की श्यामसुंदरपुर कोलियरी में बुधवार के तड़के मजदूरों ने काम शुरू किया था। हादसा कोलियरी के फेस 16 के लेवल 19 पर हुआ। कोलियरी सूत्रों के अनुसार, हादसे के वक्त एक निजी कंपनी के 9 मजदूर काम कर रहे थे। दीवार में छेद करते समय बगल की दीवार टूट गई और पानी अंदर घुसने लगा। पांच मजदूर पानी के तेज बहाव में बह गए। आनन-फानन में अधिकारियों को सूचना दी गई। बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचा। कुछ देर बाद चार मजदूरों को बचा लिया गया। बाद में, विवेक कुमार माझी का शव खदान के अंदर से बरामद किया गया। बचाए गए मजदूरों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे की खबर मिलते ही कोलियरी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सहकर्मी और मजदूर संघ के नेता भी वहां पहुंचे।

तीन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार

बुलावा न आने पर शांता दत्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

कोलकाता, समाज्ञा : स्थायी कुलपति की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया। कलकत्ता विश्वविद्यालय की अंतरिम कुलपति शांता दत्ता ने सर्वोच्च न्यायालय में एक मामला दायर किया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उनके मामले को स्वीकार नहीं किया। बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर, राज्य उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करते हुए एक अधिसूचना जारी की थी। कई अन्य लोगों की तरह, शांता दत्ता ने भी आवेदन किया। स्क्रीनिंग कमेटी ने तय किया है कि आ-वेदकों में से किसे कुलपति की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। शांता देवी ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि पर्याप्त योग्यता होने के बावजूद उन्हें नहीं बुलाया गया। जैसा कि पहले घोषणा की गई थी, राज्य के 15 विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार का दौर मंगलवार से शुरू हुआ। इस दिन, यू यू ललित के नेतृत्व में पांच सदस्यीय खोज समिति ने कलकत्ता, मकाउत और उत्तर बंगाल विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति पद के लिए आ-वेदकों का साक्षात्कार लिया। कोलकाता के प्रोफेसर आशुतोष घोष और प्रोफेसर देवतोष गुहा को विश्वविद्यालय के लिए बुलाया गया था। प्रोफेसर ओम प्रकाश मिश्रा, प्रोफेसर अमिताभ दास और प्रोफेसर प्रणब घोष को उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के लिए बुलाया गया है। प्रोफेसर बंकिम चंद्र रॉय, प्रोफेसर तपेश चक्रवर्ती और प्रोफेसर रेशमी भारद्वाज को मॉक परीक्षा के लिए बुलाया गया था। सर्च कमेटी प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक-एक नाम को अंतिम रूप देगी। इसे नियुक्ति के लिए राजभवन भेजा जाएगा। साक्षात्कार 21 अगस्त तक जारी रहेगा।

एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज़ ने कंज़्यूमर ड्यूरेबल प्रोडक्ट्स पर नो कॉस्ट ईएमआई ऑफर लॉन्च किया

कोलकाता : एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज़ ने अपनी चल रही नो कॉस्ट ईएमआई योजना की घोषणा की है, जिससे ग्राहकों के लिए बिना किसी अतिरिक्त ब्याज शुल्क के विभिन्न प्रकार के कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स खरीदना आसान हो गया है। इस ऑफ़र में लोकप्रिय प्रोडक्ट कैटेगरी जैसे टीवी/एलईडी पैनल, रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, कूलर, माइक्रोवेव और मॉड्यूलर किचन शामिल हैं। ग्राहक इस योजना का लाभ ऑनलाइन और इन-स्टोर दोनों चैनलों के माध्यम से, प्रमुख पार्टनर ब्रांड और खुदरा विक्रेताओं के साथ-साथ अपनी नज़दीकी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज़ शाखा में भी उठा सकते हैं। नो कॉस्ट ईएमआई सभी कस्टमर सेगमेंट के लिए उपलब्ध है, जिसमें मौजूदा और नए दोनों ग्राहक शामिल हैं, चाहे वे वेतनभोगी हों या स्व-रोजगार वाले।

हावड़ा मंडल ने स्वच्छता अभियान के तहत लिनेन प्रबंधन का किया निरीक्षण

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बुधवार को ट्रेनों में यात्रियों को उपलब्ध कराए जाने वाले लिनेन (चादर, तकिया कवर आदि) के वितरण, स्वच्छता एवं भंडारण की व्यवस्था का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण हावड़ा स्थित सॉर्टिंग यार्ड में किया गया, जिसका उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ और स्वास्थ्यकर सुविधाएं उपलब्ध कराना था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लिनेन की संग्रहण, धुलाई, भंडारण तथा वितरण की प्रक्रिया की समीक्षा की। इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया कि सफाई मानकों का पालन किया जाए, लिनेन को सही तरीके से अलग-अलग रखा जाए और हैंडलिंग में सावधानी बरती जाए ताकि किसी प्रकार का संक्रमण न फैले। भारतीय रेलवे द्वारा इस तरह के नियमित निरीक्षण और निगरानी से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ट्रेन यात्रा के हर पहलू में स्वच्छता और यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

मैंग्रोव पेड़ काटने के मामले में हाई कोर्ट ने लगाई राज्य को फटकार, तीन हफ्ते में मांगी रिपोर्ट

कोलकाता, समाज्ञा : दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती में लगभग 1,400 बीघा जमीन का मैंग्रोव पेड़ काटने कर मछली पालन केंद्र(भेड़ी) बनाने का आरोप है। हाई कोर्ट ने उक्त भूखंड पर फिर सेर मैंग्रोव पेड़ लगाने का आदेश दिया था। लेकिन आरोप यह है कि राज्य ने वर्षों बीत जाने के बाद भी आदेश का पालन नहीं किया है। हाल ही में, एक नए मामले के मद्देनजर अदालत ने राज्य को इस संबंध में फटकार लगाई। उसे तीन हफ्तते के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। दक्षिण 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट सुमित गुप्ता ने कहा कि मुझे ऐसा कोई निर्देश नहीं मिला है। अगर मुझे मिलता है, तो मैं जांच कर उचित कार्रवाई करूंगा। हालांकि, प्रशासन के सभी स्तरों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि मैंग्रोव पेड़ किसी भी तरह से नष्ट न हों। 2019 में, आरोप है कि बासंती के भरतगढ़ पंचायत के आनंदाबाद और गरनबोस मौजा में लगभग 1,400 बीघा ज़मीन से मैंग्रोव पेड़ काट दिए गए थे। इसके खिलाफ 2020 में बासंती निवासी कलाम पैलान नामक एक व्यक्ति ने कलकत्ता हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। उस मामले की सुनवाई में हाई कोर्ट के तत्कालीन कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी और न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी की खंडपीठ ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करने को कहा था। राज्य सरकार की लेटलतीफी को देखते हुए हाई कोर्ट ने मैंग्रोव की सुरक्षा के लिए तत्कालीन एडीजी (योजना) अजय मुकुंद रानाड की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। उस कमेटी ने रिपोर्ट पेश की। जिसके आधार पर कोर्ट ने आनंदाबाद और गरनबोस मौजा की जमीन को उसकी पुरानी स्थिति में बहाल करने का आदेश दिया था। साथ ही मैंग्रोव के विनाश में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को भी कहा था। लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद आरोप है कि मैंग्रोव को नष्ट कर उस इलाके में मैंग्रोव पेड़ नहीं बनाया गया है। आरोप है कि 2022-23 में इस संबंध में कई बार अदालत के आदेश के बावजूद राज्य सरकार ने व्यावहारिक रूप से कोई पहल नहीं की है। इस साल, कलाम ने इस मुद्दे पर फिर से हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने मामले की सुनवाई में एक बार फिर राज्य सरकार को फटकार लगाई। मामले के वकील तमल घोष और देबज्योति देब ने कहा कि यह मामला न्यायमूर्ति सुजय पाल और स्मिता दास की पीठ के समक्ष आया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने कहा कि राज्य सरकार 2022-23 से अब तक कोई उचित रिपोर्ट पेश नहीं कर पाई है। राज्य सरकार को अगले तीन हफ्तों के भीतर इस संबंध में एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है।

बांकुड़ा अदालत ने डेकोरेटर मालिक की हत्या के मामले में तीन लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई

बांकुड़ा : बांकुड़ा जिला न्यायालय ने बुधवार को एक व्यक्ति की हत्या के मामले में तीन लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनकर मृतक के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। बता दें कि हत्या की घटना ओंदा थाना अंतर्गत रामसागर ग्राम पंचायत के मालपुर गांव में हुई। डेकोरेटर मालिक कालोसोना रॉय की लोहे की रॉड से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई थी। पता चला है कि घटना फरवरी 2021 में हुई थी। डेकोरेटर कर्मचारी सागर मांझी कालोसोना रॉय के लिए काम करता था। सागर को चोरी के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था। इतना ही नहीं, उससे सारे पैसे वापस करने को कहा गया था। कुछ दिनों बाद, कालोसोना रॉय मोहल्ले के काली मंदिर में बैठे थे। आरोप है कि सागर, उसके भाई और चाचा ने मिलकर उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उनके सिर पर वार किया गया। वह व्यक्ति लहूलुहान अवस्था में गिर पड़ा। बाद में, व्यक्ति को बचाया गया और अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ओंदा थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज की गई। पुलिस ने जांच में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बांकुड़ा जिला न्यायालय में मामला शुरू किया गया। आरोप पत्र अदालत में पेश कर दिया गया। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायाधीश ने मंगलवार को गिरफ्तार किए गए लोगों को दोषी पाया। बुधवार को अदालत ने तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

रिसड़ा में भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर सभा का आयोजन

हुगली : रिसड़ा शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेताजी सुभाष रोड स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष हुआ। सभा को संबोधित करते हुए महासचिव सुरेश तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी के शासनकाल में देश में अनेक जनहितकारी कार्य हुए, वहीं वर्तमान में जनता भाजपा सरकार के दौर में नौकरी, व्यवसाय, महंगाई और भ्रष्टाचार से त्रस्त है तथा इससे मुक्ति की अपेक्षा रखती है। इस अवसर पर पूर्व विरोधी दल नेता अब्दुल मन्नान, अध्यक्ष ब्रह्मदेव रविदास, सुरेश तिवारी, देवेंद्र सिंह, अनिकेत वर्मा, मुन्ना अंसारी, शंकर मुखर्जी, इंद्रजीत मजुमदार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के पक्ष में नहीं वाममोर्चा के सहयोगी दल

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में वाममोर्चा के सहयोगी दल आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक (एआइएफबी) व रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं चाहते हैं। कोलकाता में हुई वाममोर्चा की बैठक में फारवर्ड ब्लाक की ओर से लिखित मांग की गई कि 1977 में उसने कुल 34 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। अगले चुनाव में उसे उतनी ही सीटों पर चुनाव लडने का मौका दिया जाए। आरएसपी ने अपनी पुरानी 23 सीटें मांगी हैं। वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने कहा है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन का वह स्वागत करेगी। हालांकि उसने ज्यादा सीटों की मांग की है।

सीजीसी झंजेरी बना सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली : नई शिक्षा नीति और डिजिटल युग का विजन

कोलकाता, समाज्ञा

शिक्षा जगत में एक ऐतिहासिक बदलाव के तहत चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेस (सीजीसी), झंजेरी ने अब आधिकारिक रूप से खुद को सीजीसी यूनिवर्सिटी, मोहाली के रूप में स्थापित कर लिया है। जेडब्ल्यू मैरियट, चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई इस घोषणा ने संस्था की 25 वर्षों की यात्रा को एक नई दिशा दी है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य उद्योग-एकीकृत शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विकास और टेक-फर्स्ट लर्निंग को बढ़ावा देना है। यहां 50:50 शिक्षा मॉडल लागू होगा, जिसमें छात्रों को फैकल्टी और इंडस्ट्री विशेषज्ञ समान रूप से प्रशिक्षित करेंगे। संस्थान छात्रों को पढ़ाई के साथ 75,000 से 1 लाख तक की स्टाइपेंड इंटर्नशिप भी उपलब्ध कराएगा।

संस्थान के संस्थापक चांसलर एस. रशपाल सिंह धालीवाल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी का अधिकार है और सीजीसी यूनिवर्सिटी इसी सोच को आगे बढ़ाएगा। वहीं, प्रबंध निदेशक अर्श धालीवाल ने इसे भारत का पहला इंडस्ट्री-इंटेग्रेटड लर्निंग कैपिटल बनाने की परिकल्पना साझा की। यह विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं को भी मजबूत करेगा।

आरजी कर अस्पताल से बच्चा गायब, हाई कोर्ट ने 2020 की घटना पर राज्य से तलब किया हलफनामा

कोलकाता, समाज्ञा : कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2020 में महानगर के एक अस्पताल से लापता हुए एक बच्चे के मामले में राज्य सरकार से हलफनामा तलब किया है। साथ ही, वादियों का सवाल है कि वे इस दौरान क्या कर रहे थे? उल्लेखनीय है कि देवयानी मंडल ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया था। लेकिन, अस्पताल प्रशासन ने कहा था कि उनको मृत बच्चा पैदा हुआ था। लेकिन, देवयानी और उनके पति बाबुन मंडल ने दावा किया कि उनका बच्चा जन्म के बाद 'गायब' हो गया था। इस घटना में लापता बच्चे का मामला दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति संजीव बनर्जी ने उस

मामले में डीएनए परीक्षण का आदेश दिया था। नवंबर 2020 में किए गए परीक्षण से पता चला कि देवयानी और बाबुन का डीएनए मृत बच्चे से मेल नहीं खाता था। इसके बाद, न्यायालय के आदेश पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी ने कहा कि जांच में कई विसंगतियां सामने आई हैं। हाल ही में, इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति रीताब्रत कुमार मित्रा की खंडपीठ ने की। वहीं, वादी के वकीलों को अदालत की सख्त टिप्पणी कि घटना 2020 में हुई थी। आप इतने समय तक क्या कर रहे थे? चार साल बाद अचानक आपको केस आगे बढ़ाने की याद आई? इस संदर्भ में, अदालत ने आदेश दिया है कि एसआईटी अगले सात दिनों के भीतर जांच की प्रगति पर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करे। इसके अलावा, वादी को एक हलफनामे में यह भी बताना होगा कि वे चार साल बाद इस केस को फिर से क्यों जारी रखना चाहते हैं।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एनआरई/एनआरओ खातों के लिए यूपीआई सेवाएं शुरू की

कोलकाता : एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने अपने नॉन-रेज़िडेंट एक्सटर्नल (एनआरई) और नॉन-रेज़िडेंट ऑर्डिनरी (एनआरओ) खाता धारकों के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं की शुरुआत की है। यह सुविधा अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों पर उपलब्ध होगी। यह कदम नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के हालिया निर्देशों के अनुरूप है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों से यूपीआई लेन-देन की अनुमति दी गई है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ईडी और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा: अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों के साथ एनआरई और एनआरओ खाता धारकों के लिए यूपीआई सक्षम करके हम पारंपरिक सीमाओं को समाप्त कर रहे हैं और एनआरआई को भारत से वित्तीय रूप से जुड़े रहने की शक्ति दे रहे हैं-वह भी आसानी, सुरक्षा और सुविधा के साथ। अब एनआरआई भारत आने पर क्यूआर कोड स्कैन कर कैशलेस भुगतान कर सकेंगे।

जय मां काली स्पोर्टिंग क्लब ने शिवचर्चा एवं वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

हावड़ा, समाज्ञा : जय मां काली स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में हावड़ा के बोन बिहारी बोस रोड में शिवचर्चा एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में भगवान शिव की पूजा अर्चना के उपरांत संगीतमय भजन कीर्तन हुआ। इसके उपरांत संस्था की तरफ से स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग एवं स्थानीय नागरिकबृंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लगभग हजारों भक्तों को महाप्रसाद खिलाया गया। इस अवसर पर विक्रम चौधरी, बुद्धदेव सरकार, सुरेंद्र चौधरी, संतोष कुमार तिवारी, कमलेश यादव, भृगुनाथ पाठक, आनंद तिवारी, सुनील शुक्ल, अंजनी राय, अवध बिहारी गुप्ता, चंद्रशेखर साव, राजन सिंह, दारा सिंह, कैलाश राय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सूरज जायसवाल, रौनक यादव, रामकरण सिंह आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही। संस्था के अध्यक्ष चन्द्रदेव चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

मैरिको ने मीशो मॉल के साथ साझेदारी की

कोलकाता : मीशो मॉल और मैरिको का गठबंधन मीशो प्लेटफॉर्म पर पर्सनल केयर एवं वैलनेस ब्रांड्स का संग्रह बढ़ाएगा। इस गठबंधन के बाद मैरिको के भरोसेमंद ब्रांड, जैसे पैराशूट एडवांस्ड, पैराशूट एडवांस्ड बेबी, लिवॉन, काया, बायो ऑयल और सेट वेट टियर 2 एवं अन्य शहरों में मीशो के बड़े ग्राहक वर्ग को उपलब्ध हो गए हैं। यह गठबंधन भारत में परिवारों के लिए उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने के मीशो और मैरिको के उद्देश्य के अनुरूप है। मीशो मॉल पर मैरिको के इस पोर्टफोलियो ने पर्सनल केयर, हैल्थ एवं वैलनेस सिहत मुख्य श्रेणियों को मजबूत बनाया है। मीशो मॉल पर मैरिको के लॉन्च के एक महीने के अंदर ही हेयर सीरम, हेयर ऑयल और डेली ग्रूमिंग के उत्पादों को बहुत अच्छी प्रितिक्रया मिली है। लखनऊ, कोच्चि, सूरत और गुवाहाटी जैसे क्षेत्रों में इनकी काफी ज्यादा मांग है। मीशो मॉल के ज्यादातर ग्राहक टियर 2+ क्षेत्रों से हैं, जिस से इन छोटे शहरों में किफायती उत्पादों की बढ़ती मांग प्रदर्शित होती है।

'कोई विरोधाभासी फैसला नहीं होना चाहिए', बांग्लादेश में प्रवासियों को वापस भेजने पर हाई कोर्ट ने कहा

❑ दिल्ली में हिरासत लेकर बंगाल के रहने वाले परिवार को बांग्लादेश भेजने का मामला

कोलकाता, समाज्ञा : सोनाली बीबी और उनके पति दानिश शेख, अपने आठ साल के बच्चे के साथ, उन छह लोगों के समूह का हिस्सा हैं जिन्हें कुछ हफ्ते पहले दिल्ली से हिरासत में लिया गया था और कथित तौर पर इस साल जून में बांग्लादेश भेज दिया गया। सोनाली बीबी आठ महीने की गर्भवती हैं और उनका परिवार उनके अजन्मे बच्चे की नागरिकता को लेकर चिंतित है। उनके पिता, भोदू शेख ने अपनी गर्भवती बेटी, दामाद और पोते की वापसी के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। भोदू बंगाल के बीरभूम जिले के पाइकर के निवासी हैं। बुधवार को न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति रीतोब्रतो कुमार मित्रा की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। अतिरिक्त सालिसिटर जनरल अशोक चक्रवर्ती ने अदालत को सूचित किया कि चूंकि मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, इसलिए कलकत्ता हाई कोर्ट में इसकी सुनवाई नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ताओं के वकील रघुनाथ चक्रवर्ती ने अदालत में कहा कि उन्हें बांग्लादेश भेज दिया गया है, हमें नहीं पता कि उनकी हालत क्या है। हमने दिल्ली हाई कोर्ट में दायर याचिका वापस ले ली है। एक गर्भवती महिला है, दो नाबालिग बच्चों की मां है जिन्हें निर्वासित किया गया है, लेकिन उन्हें वापस लाने के लिए कोई पहल नहीं की गई है। एएसजी अशोक चक्रवर्ती ने कहा कि अगर उन्हें जून में निर्वासित किया गया था, तो वे अब कहां रह रहे हैं? मामले की सुनवाई करते हुए, अदालत ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है, इसमें कोई विरोधाभासी निर्णय नहीं होना चाहिए। मामले की सुनवाई 10 सितंबर को फिर से होगी।

पीएम मोदी के कल बंगाल दौरे से पूर्व वार्ड 50 में लेबुतला पार्क में एक जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, पूर्व सांसद अर्जुन सिंह, पार्षद सजल घोष, पार्षद विजय ओझा, पार्षद मीना देवी पुरोहित, तापस रॉय, उत्तर कोलकाता जिला अध्यक्ष तमघ्नो घोष, एससी मोर्चा के अध्यक्ष काली खटिक, युवा मोर्चा के सुबोध दास, भोला सोनकर व अन्य उपस्थित रहे।

वेदांता रिसोर्सेज की 'बी+' रेटिंग को फिच ने बरकरार रखा

कोलकाता : फिच रेटिंग्स ने यूके स्थित वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीअ-एरएल) की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा इश्यूअर डिफॉल्ट रेटिंग (आईडीआर) को 'बी+' पर बनाए रखा है और इसे एक स्थिर दृष्टिकोण दिया है। फिच ने कंपनी की बेहतर लिक्विडिटी, अनुशासित ऋण कटौती, बेहतर फंडिंग तक पहुंच और प्रमुख सहायक कंपनियों से लगातार नकदी प्रवाह को इसका कारण बताया है। फिच ने कहा कि पिछले दो वर्षों में वीआरएल के रिफायनान्सिंग रिस्क में काफी कमी आई है, और अब अगली बॉन्ड परिपक्वता तीन साल बाद जून 2028 में होगी। रिपोर्ट के अनुसार, वीआरएल का ऋण वित्त वर्ष 22 के 9 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर वित्त वर्ष 25 में लगभग 5 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है, और वित्त वर्ष 27 तक इसमें 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की और कमी आने की उम्मीद है। कंपनी ने वित्त वर्ष 26 में 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर की सिंडिकेटेड लोन सुविधाएँ जुटाईं, ताकि 10% से कम ब्याज दरों पर ऋण का पुनर्वित्त किया जा सके, जो फंडिंग तक मजबूत पहुंच को दर्शाता है।

अमता में 700 छात्रों को विधायक ने सम्मानित, उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

हावड़ा : अमता विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुकांत पाल की पहल पर मंगलवार को माध्यमिक, हाई मदरसा और उच्च माध्यमिक 2025 की परीक्षाओं में उत्तीर्ण 700 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में छात्रों को स्वीकृति नामक मानपत्र, स्मारक और पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में ये विद्यार्थी देश और समाज के लिए बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित थे। अनुष्ठान में अमता-2 ब्लॉक के बीएमओएच डॉ. रामिज़ अहमद ने भी छात्रों को संबोधित किया।

चेतना के रूपान्तरण की प्रक्रिया है दीक्षा: मुनि जिनेश कुमारजी

❑ दीक्षार्थी मंगल भावना समारोह का भव्य आयोजन

कोलकाता : युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी ठाणा- 3 के सान्निध्य में दीक्षार्थी अर्हम् सिंघी के मंगल भावना समारोह का भव्य आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कोलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा भिक्षु विहार में किया गया। इस अवसर पर बृहत्तर कोलकाता के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार जी ने कहा- धर्म का मूर्त रूप है दीक्षा। आन्तरिक चेतना के रूपान्तरण की प्रक्रिया का नाम है- दीक्षा व्रतों का संग्रह है। दीक्षा एक प्रकार की शपथ व संस्कार है। अहंकार व ममकार के विसर्जन का नाम है दीक्षा। दीक्षा का अर्थ बाहर से चंचल व भीतर से स्थिर होना है। दीक्षा वही ग्रहण कर सकता है जिसे वैराग्य हुआ हो। वैराग्य तीन प्रकार से हो सकता है- दुःखमूलक वैराग्य , मोहमूलक वैराग्य , ज्ञानमूलक वैराग्य। ज्ञान मूलक वैराग्य सर्वश्रेष्ठ होता है। उन्होंने आगे कहा- संसार मगजमारी है और संयम समझदारी है। माँ कहती है बेटा रो मत , गुरु कहते हैं चेतन सो मत और जिनवाणी कहती है अनमोल समय खो मत। दीक्षार्थी के लिए चार बातें जरुरी है- पापों के प्रति विरक्ति बढ़े, विनय सम्पन्नता बढ़े, साधना की रूचि बढ़े, प्रभु आज्ञा के प्रति समर्पण भाव बढ़े। पूर्वांचल कोलकाता के युवा दीक्षार्थी अर्हम् सिंघी 3 सितम्बर को अहमदाबाद में आचार्य श्री महाश्रमण जी के पावन चरणों में मुनि दीक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं। उसके आध्यात्मिक विकास के प्रति मंगल भावना।

बालमुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान किया। दीक्षार्थी अर्हम् सिंघी ने वैराग्य प्राप्ति के कारणों का जिक्र करते हुए दीक्षा के उपलक्ष में कोई न कोई त्याग, संकल्प ग्रहण करने का आहवान करते हुए सबसे खमत-खामणा किया।

तेरापंथ कन्या मंडल के मंगलाचरण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वागत भाषण जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कोलकत्ता - पूर्वांचल) ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सिंघी ने दिया। अभिनंदन पत्र का वाचन मुख्य न्यासी बाबूलाल गंघ ने किया।

विकास परिषद् के सदस्य बनेचंद मालू, महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुरेश गोयल, कोलकत्ता सभा के अध्यक्ष अजय जी भंसाली, अणुव्रत समिति कोलकाता के अध्यक्ष नवीन जी दुगड़, वरिष्ठ उपासक महावीर प्रताप दुगड़, तेरापंथ युवक परिषद् पूर्वांचल के अध्यक्ष राजीव बोथरा, तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा बबिता तातेड़, दीक्षार्थी के पिता अजय सिंघी, दीक्षार्थी की नानीसा सरला छाजेड़ ने मंगल भावना में अपने भाव व्यक्त किये।

इस अवसर पर तेरापंथी सभा, तेरापंथ युवक परिषद्, तेरापंथ किशोर मंडल, तेरापंथ महिला मंडल व सिंघी परिवार की बहनों ने समूह गीतों का संगान कर दीक्षार्थी के प्रति मंगल भावना व्यक्त की। आभार ज्ञापन सभा के मंत्री पंकज डोसी ने व संचालन मुनि परमानंद ने किया। दीक्षार्थी अर

आईएसएफ ने 'एसआईआर' और प्रवासियों के 'उत्पीड़न' के खिलाफ धर्मतला में किया प्रदर्शन, फैला तनाव

कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता में बुधवार को इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और भाजपा शासित कई राज्यों में राज्य के प्रवासियों के कथित उत्पीड़न के विरोध में आयोजित प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिस कर्मियों के बीच हाथापाई हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शहर की पुलिस ने आईएसएफ के एकमात्र विधायक नवसाद सिद्दीकी और कई अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया तथा प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए न्यूनतम बल का प्रयोग किया। उन्होंने बताया

कि सिद्दीकी के नेतृत्व में सैकड़ों आईएसएफ कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज लेकर मध्य कोलकाता के एस्प्लेनेड क्षेत्र में वाई चैनल पर प्रदर्शन किया, वाहनों की आवाजाही बाधित की और पुलिस के साथ हाथापाई की। आईएसएफ विधायक ने कहा कि हम वक्फ (संशोधन) अधिनियम, पश्चिम बंगाल के बंगाली भाषी प्रवासियों के निरंतर उत्पीड़न और एसआईआर के माध्यम से निर्वाचन आयोग द्वारा भारतीय नागरिकों के नाम हटाने की साजिश के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने विरोध प्रदर्शन करने के लिए पूर्व अनुमति मांगी थी। लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का प्रशासन हमें थोड़े समय के लिए विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं देकर अपना दोहरा चेहरा दिखा रहा है। सिद्दीकी जोड़ासांको थाने ले जाए जाने से पहले पत्रकारों से बात कर रहे थे। कोलकाता पुलिस उपायुक्त (मध्य) इंदिरा मुखर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि व्यस्त मार्ग पर यातायात की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए हमें आईएसएफ द्वारा लगाए गए अवरोध को हटाने के वास्ते न्यूनतम बल प्रयोग करना पड़ा। उन्होंने कहा कि किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। प्रदर्शन के कारण क्षेत्र में लगभग एक घंटे तक वाहनों की आवाजाही बाधित रही, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

वर्दवान-कटवा के बीच चलेगी एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन

कोलकाता, समाज्ञा

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वर्दवान और कटवा के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन 23 अगस्त 2025 से प्रतिदिन दोनों दिशाओं में संचालित होगी। ट्रेन निर्धारित समय के अनुसार, 35024 कटवा-वर्दवान ईएमयू स्पेशल कटवा से दोपहर 1:50 बजे रवाना होगी और दोपहर 3:10 बजे वर्दवान पहुंचेगी। वहीं, वापसी में 35023 वर्दवान-कटवा ईएमयू स्पेशल वर्दवान से शाम 4:00 बजे प्रस्थान करेगी और शाम 5:20 बजे कटवा पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग के सभी स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे स्थानीय यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

राजीव गांधी की जयंती पर ममता बनर्जी ने दी श्रद्धांजलि

कोलकाता, समाज्ञा : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखे संदेश में कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को डउनकी जयंती पर भावपूर्ण नमन। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए उन्हें भारत की आधुनिक सोच और तकनीकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने वाला नेता बताया। ममता बनर्जी का यह ट्वीट राजीव गांधी के जन्मदिवस (20 अगस्त) के अवसर पर किया गया, जिसे देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों और श्रद्धांजलियों के जरिए मनाया जा रहा है।

'नो पाम ऑयल' दावे गुमराह करने वाले : ओटीएआई प्रेसिडेंट

कोलकाता, समाज्ञा : टेक्नोलॉजिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और तेल विशेषज्ञ डॉ. राजीव चूरी ने कहा है कि कुछ कंपनियां 'नो पाम ऑयल' का प्रचार कर उपभोक्ताओं को गुमराह कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खाने के तेल को लेकर चर्चा हमेशा वैज्ञानिक तथ्यों और सबूतों पर आधारित होनी चाहिए। आईसीएमआर-एनआईएन की गाइडलाइंस में भी पाम ऑयल को सही मात्रा में उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसमें मौजूद *टोकोट्रिनॉल्स* खून का कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करते हैं। डॉ. चूरी ने कहा कि पाम ऑयल को बेवजह अनहेल्दी बताना गलत है। यह सुरक्षित, पोषण से भरपूर और दुनिया भर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला तेल है। भारत सरकार भी एनएमईओ-ओपी योजना के जरिए पाम ऑयल उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है ताकि आयात पर निर्भरता घटे। उन्होंने अपील की कि उपभोक्ताओं को सही जानकारी दी जाए और बिना सबूत के भ्रामक दावों से बचा जाए।

पोर्ट इलाके में मुफ्त चिकित्सा शिविर से गरीबों को राहत

कोलकाता, समाज्ञा : समाजसेवी रिजवान राशिद अंसारी की पहल पर कोलकाता के पोर्ट इलाके में शुरू हुआ मुफ्त चिकित्सा शिविर गरीब परिवारों और दिहाड़ी मजदूरों के लिए बड़ी राहत बन गया है। यह शिविर राशिद अहमद अंसारी वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक लगाया जाता है। इसके दो यूनिट बनाए गए हैं- पहला मोमिनपुर रोड चारबत्ती मोड़ और दूसरा रजब अली लेन, घोष पार्क, मोमिनपुर बाजार। यहां हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, दंत रोग और सामान्य बीमारियों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉक्टरों की टीम ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल और ईसीजी जैसी जांचें भी पूरी तरह मुफ्त करती है। मरीजों को दवा के साथ-साथ खानपान और जीवनशैली संबंधी जरूरी सुझाव भी दिए जाते हैं।

बांकुड़ा में तृणमूल नेता की हत्या मामले में तीन और गिरफ्तार

बांकुड़ा : बांकुड़ा में तृणमूल नेता सिकंदर खान की हत्या के मामले में 3 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बापी खान नाम के एक अपराधी को न्यू जलपाईगुड़ी थाने और बांकुड़ा पुलिस स्टेशन ने उत्तर बंगाल के फुलबाड़ी इलाके से गिरफ्तार किया। इस बीच, बादशा खान और मनबत खान नाम के 2 और लोगों को कटवा से गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में, तृणमूल नेता सिकंदर खान की सोनामुखी के चकाई इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह संयोजक थे। पुलिस ने जांच के बाद इब्राहिम शेख और नसीम शेख नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बुधवार को उनसे पूछताछ के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

कुलतली में नाबालिग से यौन शोषण का आरोप, पड़ोसी गिरफ्तार

कोलकाता, समाज्ञा

दक्षिण 24 परगना जिला के कुलतली थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक नाबालिग के यौन शोषण के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम हबीबुल्लाह पियादा बताया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बुधवार को उसे बारुईपुर महकमा अदालत में पेश किया जाएगा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता का मेडिकल टेस्ट पूरा कर लिया गया है और गुप्त बयान दर्ज कराने के लिए अदालत में विशेष आवेदन किया जाएगा। आरोप है कि पड़ोसी हबीबुल्लाह लंबे समय से नाबालिग का यौन शोषण कर रहा था। बताया गया कि आरोपित की पत्नी बीमार रहती है और घर के कामकाज संभालने में असमर्थ है। इसी वजह से नाबालिग घरेलू कार्यों में मदद के लिए अक्सर आरोपित के घर जाया करती थी। इसी दौरान, आरोपित मौका पाकर उसके साथ शारीरिक अत्याचार करता था। नाबालिग ने यह दर्दनाक घटना अपनी मौसी को बताई।

इसके बाद, परिवार ने तुरंत कुलतली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार की रात ही आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, आरोपित से पूछताछ जारी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और अदालत से आगे की अनुमति मिलने पर पीड़िता का बयान दर्ज कराया जाएगा।

प्रेमी के साथ नया घर बसाने की चाह में मां ने मासूम बेटी की हत्या, प्रेमी जोड़ा गिरफ्तार

कोलकाता, समाज्ञा : दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर इलाके में विवाहेतर संबंधों में लिप्त एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर तीन साल की मासूम बेटी की हत्या कर दी। मंगलवार को पारुलिया कोस्टल थाने की पुलिस ने आरोपित मां नाजिरा बीबी और उसके प्रेमी ताजउद्दीन मोल्ला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों आरोपित बच्ची को आंध्र प्रदेश के कट्टेनीकन्या इलाके में ले गए और वहीं हत्या की। पहले उन्होंने इसे दुर्घटना बताया, लेकिन पुलिस की पूछताछ में पूरा सच सामने आ गया। पूछताछ में नाजिरा और ताजउद्दीन ने स्वीकार किया कि वे नया जीवन शुरू करना चाहते थे, लेकिन मासूम बच्ची को उन्होंने अपनी राह का 'कांटा' समझा। इसी कारण दोनों ने उसे पटककर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद

आंध्र प्रदेश में ही पोस्टमार्टम कराकर शव को दफना दिया गया। डायमंड हार्बर के सरिषा कामारपोल गांव निवासी अजहर लस्कर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी नाजिरा उनकी बेटी को लेकर फरार हो गई है। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपित ताजउद्दीन को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया। डायमंड हार्बर पुलिस जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मिथुन कुमार दे ने कहा कि प्रेमी के साथ घर बसाने के लिए ही मां ने अपनी बेटी की हत्या की साजिश रची। वर्तमान में, नाजिरा गर्भवती है और दावा कर रही है कि गर्भ में पल रहा बच्चा ताजउद्दीन का है। इस घटना से पूरा इलाका स्तब्ध है। मृत बच्ची के पिता अजहर लस्कर ने आरोपितों को कठोरतम सजा देने की मांग की है।

पत्नी की हत्या कर थाने में जाकर पति ने किया आत्मसमर्पण

हुगली : हुगली जिले के उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र से मंगलवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, कोन्नगर के मास्टरपाड़ा निवासी अशोक चट्टोपाध्याय ने अपने रोजमर्रा के पारिवारिक विवाद से तंग होकर पत्नी सबिता चट्टोपाध्याय (58) का गला दबाकर हत्या कर दी।

इसके बाद आरोपी सीधे थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने अशोक को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए श्रीरामपुर वॉल्स अस्पताल भेजा। शुरुआती जांच में पुलिस ने हत्या के पीछे आपसी झगड़े की संभावना जताई है।

बताया जा रहा है कि घटना के अगले दिन बुधवार को अशोक ने अपनी बहन को फोन कर हत्या की सूचना दी और थाने जाकर आत्मसमर्पण करने की बात बताई।

खबर मिलते ही पुलिस ने घर में ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां बेड पर सबिता का शव मिला, गले में दुपट्टा लिपटा हुआ था। परिवार के अनुसार अशोक और सबिता के बीच अक्सर झगड़े होते थे। नौकरी से निष्क्रिय होने के बाद अशोक मानसिक अवसाद में रहने लगे थे, जिससे दांपत्य जीवन में तनाव बढ़ा।

चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी अर्णब विश्वास ने बताया कि अशोक ने अपने कृत्य को स्वीकार कर लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

सदगुरु सेवा ट्रस्ट का जरुरतमंद लोगों के भोज प्रबंधन का कार्य जारी

हावड़ा, समाज्ञा : सदगुरु सेवा ट्रस्ट द्वारा पिछले 12 साल से प्रतिदिन आयोजित होने वाले जरुरतमंद लोगों के भोज के प्रबंधन के इस कड़ी में नए सहयोगी और साथी के रूप मे पश्चिम बंगाल पुलिस में आर्थिक अपराध निद-शालय के निदेशक के रूप में कार्यरत त्रिपुरारी अथर्व और उनकी पत्नी दिव्या सोनी ने अपने पुत्र दिव्यांश अथर्व और पुत्री श्रेयषी अथर्व के जन्मदिन के शुभ अवसर पर 200 से ज्यादा जरुरतमंद लोगों के भोज का आयोजन चलित वाहन के माध्यम से हावड़ा रेलवे स्टेशन के आस-पास विभिन्न इलाको में लोगों के लिए किया। प्रतिदिन की भांति इस भोज का शुभारंभ हावड़ा मैदान बेलिलियस रोड से अलग-अलग इलाके में होते हुए अंततः समापन गंगा

किनारे अवस्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर ग्रैंड फॉरशोर रोड में हुआ।

2025 येज्दी रोडस्टर: 'बॉर्न आउट ऑफ लाइन' डिजाइन वाली दमदार और कस्टमाइजेबल बाइक

कोलकाता, समाज्ञा

जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने 2025 में अपनी नई बाइक येज्दी रोडस्टर लॉन्च की है, जिसे 'बॉर्न आउट ऑफ लाइन' फिलॉसफी के तहत डिजाइन किया गया है। क्लासिक और बोल्ड लुक वाली यह बाइक रोडस्टर सेगमेंट में नए मानक स्थापित करती है। इसकी कीमत 2.09 लाख रुपये से शुरू होती है और यह दमदार परफॉर्मेंस के साथ राइडर्स को कस्टमाइज़ेशन के कई विकल्प भी देती है।

येज़्दी रोडस्टर में 50 से अधिक कस्टम कंबिनेशन और छह फ़ैक्टरी-कस्टम किट उपलब्ध हैं, जिससे राइडर्स अपनी बाइक को अपनी स्टाइल के अनुसार ढाल सकते हैं। मॉड्यूलर सीटिंग सिस्टम की मदद से बॉबर-स्टाइल सोलो सीट और टूरिंग-फ्रेंडली डुअल सीट के बीच मिनटों में बदलाव संभव है।

बाइक में बेहतरीन ब्रेकिंग और हैंडलिंग के साथ जावा येज़्दी का ओनरशिप एश्योरेंस प्रोग्राम भी शामिल है, जो 4 साल/50,000 किमी वारंटी और विस्तारित मेंटेनेंस विकल्प प्रदान करता है। यह बाइक स्टाइल, पावर और कस्टमाइज़ेशन का बेहतरीन संगम है।

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंज़िल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के सम्बन्ध में निम्नलिखित ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1215-2025-26-आर1, दिनांक: 18.08.2025। कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के लिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था कार्य - मुर्शिदाबाद स्टेशन पर 01 अदद लिफ्ट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,09,990। **बयाना राशि:** ₹ 6,200। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1248-2025-26, दिनांक: 18.08.2025। कार्य का विवरण:** एस्केलेटर कार्य - वर्तमान 1.80 मी. चौड़े एफओबी के बदले में दमदम कैंटोनमेंट मेट्रो स्टेशन से पीएफ-1 की ओर दमदम कैंटोनमेंट रेलवे सर्कुलेटिंग एरिया तक तथा पीएफ-1 एवं पीएफ-2 एवं 3 के साथ कनेक्टिंग 6.0 मी. एफओबी का निर्माण के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 60,75,104। **बयाना राशि:** ₹ 1,21,500। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1249-2025-26, दिनांक: 18.08.2025। कार्य का विवरण:** वर्तमान 1.80 मी. चौड़े एफओबी के बदले में दमदम कैंटोनमेंट मेट्रो स्टेशन से पीएफ-1 की ओर दमदम कैंटोनमेंट रेलवे सर्कुलेटिंग एरिया तक तथा पीएफ-1 एवं पीएफ-2 एवं 3 के साथ कनेक्टिंग 6.0 मी. एफओबी का निर्माण के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य के लिए विद्युतीय त था विद्युत आपूर्ति कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 49,16,278। **बयाना राशि:** ₹ 98,300। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1257-2025-26, दिनांक: 18.08.2025। कार्य का विवरण:** मील 5बी-बजबज (17.52 किमी.) खंड के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम के लिए प्रस्ताव। **निविदा मूल्य:** ₹ 84,94,475। **बयाना राशि:** ₹ 1,69,900। **पूरा करने की अवधि:** 09 महीना (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा प्रकाशन की तारीख:** 18.08.2025 (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 09.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समय:** 09.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे के बाद (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बोली शुरू होने की तारीख:** 26.08.2025 (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-170/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्वोत्तर रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

गोरखपुर-गोंडा शाखा में गोरखपुर-डोमिनगढ़ स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन को चालू करने और गोरखपुर-आनंद नगर शाखा में गोरखपुर-नकहा जंगल स्टेशनों के बीच दोहरीकरण के लिए सीआरएस निरीक्षण (दिनांक 26.09.2025 को) के साथ प्री नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 22.09.2025 को), नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य (दिनांक 23.09.2025 से 26.09.2025 तक) के कारण निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: • **रद्द: 15027** सम्बलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 26.09 से 29.09.2025), **15028** गोरखपुर-सम्बलपुर मौर्य एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23.09 से 27.09.2025), **15089** गोड्डा-गोमतीनगर साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 27.09.2025) और **15090** गोमतीनगर-गोड्डा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 26.09.2025)। • **मार्ग परिवर्तन: 13019** हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22.09 से 26.09.2025) भटनी जंक्शन-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी जंक्शन स्टेशनों के बदले भटनी जंक्शन-मऊ जंक्शन- वाराणसी सिटी - वाराणसी जंक्शन -अयोध्या कैंट. -बाराबंकी जंक्शन स्टेशन होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और **13020** काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22.09 से 26.09.2025) बाराबंकी जंक्शन-गोंडा-गोरखपुर-देवरिया सदर-भटनी जंक्शन स्टेशनों के बदले बाराबंकी जंक्शन -अयोध्या कैंट. -वाराणसी जंक्शन-मऊ जंक्शन-भटनी जंक्शन स्टेशन होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। उपर्युक्त दोनों ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में देवरिया सदर, चौरी चौरा, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर और गोंडा स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। • **संक्षिप्त यात्रा समाप्त: 15027** सम्बलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22.09 से 25.09.2025) और **15047** कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस सीवान होकर (यात्रा शुरू दिनांक 22.09 और 23.09.2025) देवरिया सदर और गोरखपुर के बीच सेवा रद्द करते हुए देवरिया सदर स्टेशन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। • **पुनर्निर्धारण: 13020** काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21.09.2025) काठगोदाम से 90 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **15048** गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस सीवान होकर (यात्रा शुरू दिनांक 22.09.2025) गोरखपुर से 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

संख्या : सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच **दिनांक : 19.08.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डीआरएम बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, सियालदह, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 ने सियालदह मंडल की विभिन्न परिसम्पत्तियों के जरिये विज्ञापन प्रदर्शन अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या एडीवीटी-एसडीएएच-08 प्रकाशित की है। नीलामी कैटेलॉग का विवरण निम्नानुसार है: **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या: एडीवीटी-एसडीएएच-08, नीलामी शुरू:** 21.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रम संख्या; एसईक्यू संख्या; लॉट संख्या/श्रेणी** एवं **विवरण** निम्नलिखित अनुसार हैं: **(1)**; एए/1; **एडीवीटी-एलओसीओ-एसडीएएच-एसडीएएच-50-25-3** (एडवरटाइजिंग- लोको एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल द्वारा प्राथमिक रूप से अनुरक्षित विद्युतीय रेलइंजन डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्राण्डिंग के जरिये (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन का अधिकार। **(2)**; एए/2; **एडीवीटी-एलओसीओ-एसडीएएच-एसडीएएच-51-25-2** (एडवरटाइजिंग- लोको एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल द्वारा प्राथमिक रूप से अनुरक्षित विद्युतीय रेलइंजन डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्राण्डिंग के जरिये (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन का अधिकार। **(3)**; एए/3; **एडीवीटी-एलओसीओ-एसडीएएच-एसडीएएच-52-25-2** (एडवरटाइजिंग- लोको एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल द्वारा प्राथमिक रूप से अनुरक्षित विद्युतीय रेलइंजन डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्राण्डिंग के जरिये (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन का अधिकार। **(4)** ; एए/4; **एडीवीटी-एलओसीओ-एसडीएएच-एसडीएएच-53-25-2** (एडवरटाइजिंग- लोको एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल द्वारा प्राथमिक रूप से अनुरक्षित विद्युतीय रेलइंजन डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्राण्डिंग के जरिये (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन का अधिकार। **(5)**; एए/5; **एडीवीटी-एलओसीओ-एसडीएएच-एसडीएएच-54-25-2** (एडवरटाइजिंग- लोको एक्सटीरियर) और सियालदह मंडल द्वारा प्राथमिक रूप से अनुरक्षित विद्युतीय रेलइंजन डब्ल्यूएपी-7 की बाहरी सतह पर ब्राण्डिंग के जरिये (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) वाणिज्यिक विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए विज्ञापन का अधिकार। **(6)**; एबी/1; **एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएसडी-61-24-1** [एडवरटाइजिंग- ऑन स्टेशन प्रेमिस (डिजिटल)] और सियालदह रेलवे स्टेशन पर डिजिटल स्क्रीनों की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के जरिये 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे से सम्बंधित सूचनाओं सहित वाणिज्यिक विज्ञापन का डिजिटल प्रदर्शन (जोन ए1)। **(7)**; एबी/2; **एडीवीटी-एसडीएएच-बीएनएक्सआर-ओएसडी-58-24-1** [एडवरटाइजिंग- ऑन स्टेशन प्रेमिस (डिजिटल)] और बिधाननगर रोड रेलवे स्टेशन पर डिजिटल स्क्रीनों की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के जरिये 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे से सम्बंधित सूचनाओं सहित वाणिज्यिक विज्ञापन का डिजिटल प्रदर्शन। **(8)**; एसी/1; **एडीवीटी-एसडीएएच-केओएए-ओएच-14-23-1** (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम) और कोलकाता स्टेशन के बाहर ज़ोन बी (सर्कुलेटिंग एरिया) पर वाणिज्यिक प्रचार के लिए बल्क अधिकार। **(9)**; एसी/2; **एडीवीटी-एसडीएएच-डीईबी-ओएच-12-22-1** (एडवरटाइजिंग- आउट ऑफ़ होम) और 01 (एक) क्लस्टर (एलसी-सी) में समूहबद्ध 03 समपार फाटकों के चिह्नित लोकेशनों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **(10)**; एसी/3; **एडीवीटी-एसडीएएच-आरएचए-ओएच-10-22-1** (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम) और 01 (एक) क्लस्टर (एलसी-बी) में समूहबद्ध 03 समपार फाटकों के चिह्नित लोकेशनों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **(11)**; एसी/4; **एडीवीटी-एसडीएएच-डीबीजेड-ओएच-11-22-1** (एडवरटाइजिंग- आउट ऑफ़ होम) और 01 (एक) क्लस्टर (एलसी-ए) में समूहबद्ध 03 समपार फाटकों के चिह्नित लोकेशनों पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए बल्क अधिकार। **अनुबंध की अवधि:** 03 वर्ष (क्रम संख्या 1 से 5 एवं 8 से 11 प्रत्येक के लिए) तथा 05 वर्ष (क्रम संख्या 6 एवं 7 प्रत्येक के लिए)। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे नियम और शर्तों के विवरण के लिए **www.ireps.gov.in** का ई-नीलामी मॉड्यूल देखें।

(SDAH-176/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

कोलकाता मेट्रो का नया अध्याय: 9 लाख से अधिक यात्री करेंगे हर दिन सफर

- **22 अगस्त को प्रधानमंत्री ग्रीन, येलो और ऑरेंज लाइन का करेंगे उद्घाटन**
- **3 मेट्रो लाइनों में कुल 366 नई ट्रेन सेवाएं होंगी शुरू,**

कोलकाता : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आधारभूत संरचना में युगांतरकारी बदलाव हुए हैं। ऐसा ही बदलाव कोलकाता मेट्रो में भी हुआ है जहां प्रतिदिन 9 लाख से अधिक यात्रियों के सफर के लिए रेलवे नेटवर्क को विस्तृत किया गया है।

वस्तुत: भारत में मेट्रो सेवा की नींव रखने वाला शहर कोलकाता अब मेट्रो नेटवर्क के मामले में एक नया इतिहास रचने जा रहा है। अब हर दिन कोलकाता मेट्रो से करीब 9.15 लाख यात्री सफर कर सकेंगे। इस बदलाव की बुनियाद बनी है 3 मेट्रो सेक्शन की 366 नई मेट्रो ट्रेन सेवाएं जो यात्रियों को तेज़ और नियमित सेवा देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता मेट्रो की ग्रीन लाइन पर 2.45 किलोमीटर लंबी एस्प्लेनेड-सियालदह मेट्रो सेक्शन, येलो लाइन पर 6.77 किलोमीटर लंबी नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो सेक्शन और ऑरेंज लाइन पर 4.4 किलोमीटर लंबी हेमंत मुखोपाध्याय-बेलेघाटा मेट्रो सेक्शन का उद्घाटन करेंगे और तीनों ही लाइनों पर 3 मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

366 नई मेट्रो सेवाओं का सबसे बड़ा लाभ ग्रीन लाइन के यात्रियों को होगा। जिसपर सेवाओं की संख्या बढ़कर 186 हो गई है। साथ ही, ऑरेंज लाइन पर अब 60 सेवाएं और येलो लाइन पर 120 सेवाएँ यात्रियों की राह आसान बनाएंगी।

नई सेवाओं से अधिक ट्रेनों की उपलब्धता बढ़ेगी, इंतजार का समय घटेगा और भीड़-भाड़ से राहत मिलेगी।

ग्रीन लाइन – एस्प्लानेड से सियालदह (2.45 किमी)। यह सेक्शन शहर के लिए सबसे बड़ी राहत लेकर आया है। अभी हावड़ा और सियालदह जैसे दो बड़े रेलवे टर्मिनलों के बीच पहुंचने में सड़क से 40-45 मिनट तक लगते हैं। अब मेट्रो से यह सफर सिर्फ़ 11 मिनट में पूरा होगा। रोजाना लाखों यात्रियों के लिए यह समय बचत किसी वरदान से कम नहीं होगी।

दूसरी बड़ी उपलब्धि है येलो लाइन – नोआपाड़ा से जय हिंद विमानबंदर (6.77 किमी)। अब एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए सड़क से यात्रा करने वालों को नया विकल्प मिलेगा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्री, एयरलाइन स्टाफ और एयरपोर्ट कर्मचारी सब तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव करेंगे। दमदम कैंटोनमेंट से इंटरचेंज सुविधा मिलने से पूरे शहर और प्रमुख रेलवे स्टेशनों तक सीधा कनेक्शन भी आसान हो जाएगा। एस्प्लानेड से एयरपोर्ट तक अब यह दूरी सिर्फ 30 मिनट में पूरी होगी।

तीसरी कड़ी है ऑरेंज लाइन – हेमंत मुखोपाध्याय से बेलेघाटा (4.4 किमी)। यह विस्तार साइंस सिटी,

डेंगू-महामारी बनने तक इंतजार क्यों?

राजेन्द्र मिश्र राज

देश और प्रदेश में स्वास्थ्य के प्रति जागृति बढ़ी है। जनता स्वास्थ्य को लेकर पहले से कहीं ज्यादा जागरूक भी हुई है। बावजूद इसके रोगों का प्रकोप जारी है। रोकथाम के प्रयास कम पड़ जाते हैं। मलेरिया, डेंगू, एन्सेफ लाइटिस, मस्तिष्क ज्वर, जापानी बुखार चिकनगुनिया जैसी बीमारियां घूम फिर कर लौट आती हैं।

डेंगू फैलने के कारण

एडिस इजिप्टाम नामक मच्छर ही डेंगू को फैलाता है। बलबलाती गंदगी, कूड़ा-कचरे और गंदे पानी ही मच्छर की पैदावार बढ़ाते हैं। गड्ढों में भरे हुए गंदे पानी में ही मच्छर पैदा होते हैं। नगर प्रशासन और जन सहयोग से ही नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था की जा सकती है। समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव भी उतना ही जरूरी है।

हमारे देश की भौगोलिक स्थिति और जलवायु संबंधी परिस्थितियां मलेरिया-डेंगू के प्रसार के लिए काफी अनुकूल हैं। अत्यधिक ठंड और गर्मी में मच्छर जीवित रह नहीं सकते। नम वातावरण में मच्छर अधिक सक्रिय होते हैं। एनाफिलीज मच्छर ही मलेरिया का प्रसार करते हैं।

डेंगू के सामान्य लक्षणः-

डेंगू एक तरह का वायरल बुखार है। इसके दौरान रोगी को अचानक तेज बुखार होता है, तेज सिरदर्द होता है, आंखों के पीछे, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होता है। कभी-कभी लगातार पेट में भी तेज दर्द होता है और उल्टियां भी शुरू हो जाती हैं। शरीर में सूजन भी आ जाती है और झटके भी आना शुरू हो जाते हैं। रक्तस्राव भी होता है।

काला मल होना, स्नायु जोड़ों में दर्द, छाती और ऊपरी हिस्से में दर्द उठना, मुंह का स्वाद



बिगड़ना, भूख न लगना, घबराहट होना, त्वचा का निस्तेज और ठंडा पड़ना, नींद न आना, सांस लेने में परेशानी, धड़कन बढ़ना भी डेंगू बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। 103 से 105 डिग्री तक बुखार होना भी डेंगू का प्रमुख लक्षण हैं। छोटे बच्चे लाल हो जाते हैं। उन्हें खड़े होने में भी तकलीफ होने लगती है। उनकी आंखें लाल हो जाती हैं। सच यह भी है कि छोटे बच्चों को ही नहीं बल्कि वयस्कों को भी डेंगू की बीमारी हो सकती है।

डेंगू पर अंकुश कैसे?

डेंगू की जड़ मच्छर हैं। यदि डेंगू पर अंकुश लगाना है तो मच्छरों की पैदावार पर बंदिश जरूरी है। मच्छरों पर अंकुश लगाने के लिए हमें अपने घर के अंदर और बाहर दोनों जगह साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा। मच्छरों के पनपने के स्थान को नष्ट करना होगा। कूलर की टंकी का पानी, पानी की टंकियां, खाली ड्रम, बोतलें, गमलों में जमा पानी तथा पेड़ के तने, गटर, गड्ढे में जमा पानी में एडिस इंजिप्टाम मच्छर की मादा अंडे देती है और वहीं पर डेंगू बुखार फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं। अतः कहीं भी पानी जमा न होने दें। पानी की टंकियां ढंक कर रखें। नगर निगम को भी चाहिए कि वह मच्छरों को मारने हेतु कूड़े-कचरे के ढेर पर, नालियों में कीटनाशक डाले और फॉगिंग मशीन से महीने में एक बार सभी बस्तियों में छिड़काव करे।

साफ-सफाई अभियान में ढिलाई उचित नहीं कही जाएगी क्योंकि गंदगी ही बीमारियों को आमंत्रित करती है। स्वच्छता अभियान की सफलता सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है। हम सभी को अपना नजरिया बदलना ही होगा। तभी साधारण बीमारियां महामारी बनने से बच पायेंगी। (स्वा. द.)

बच सकते हैं पीठ के दर्द से

मनु भारद्वाज 'मनु'

कभी-कभी अचानक उठा पीठ का दर्द बहुत ही तकलीफदेह साबित होता है। शरीर एकदम बेजान सा हो जाता है और यदि कुछ महसूस होता है तो सिर्फ दर्द जो कभी-कभी इस हद तक भयंकर हो जाता है कि शरीर में फेफड़ों की सूजन, हृदय वाल्व में खराबी, आंखों में सूजन और अकड़ाहट जैसे कई घातक रोग स्वतः ही उत्पन्न हो जाते हैं।

पीठ दर्द होने के कई कारण हो सकते हैं जैसे काफी देर तक उल्टी-सीधी मुद्राओं में खड़ा होना, देर तक चलना, थकना, झुककर व लेटकर पढ़ना, अधिक वजन उठाना, कूदना, गिरना और आवश्यकता से अधिक श्रम करना।

चिकित्सकों का मानना है कि मेरूदण्ड की बनावट मजबूत और नाजुक दोनों ही प्रकार से होती है। यह सारे शरीर के अंगों के संतुलन का भार उठाता है। कई बार विभिन्न कारणों से यह संतुलन गड़बड़ा जाता है और शरीर के किसी भी हिस्से की पर्याप्त देखभाल न होने के कारण पीठ दर्द उत्पन्न हो जाता है।

इसके अलावा कमर दर्द के कई अन्य कारण भी होते हैं। आयु बढ़ने के साथ-साथ शरीर की हड्डियों का लचीलापन भी कम होने लगता है और ऊतक सख्त हो जाते हैं। ये परिवर्तन अधिकतर रीढ़ की हड्डी में होते हैं तथा इन पर चोट व प्रहार के कारण कशेरुकाओं के बीच की डिस्क खिसक जाती है और कमरदर्द होता है। कुल मिलाकर यदि यह कहा जाये तो उपयुक्त होगा कि रीढ़ की हड्डी पर अनावश्यक दबाव, खिंचाव अथवा तनाव पड़ने से मांसपेशियों के तंतु प्रभावित होते हैं जो कमर दर्द का मुख्य कारण होता है।

आमतौर पर यह भी देखा जाता है कि दुबले व सामान्य लोगों की अपेक्षा मोटे व्यक्तियों में तोंद निकलने व वज़न न संभाल पाने और रीढ़ की हड्डी पर दबाव पड़ने व झुकने से कमरदर्द अधिक होता है। इसके अलावा स्त्रियों में भी कमरदर्द की शिकायत अधिक पायी जाती है।

हाल ही में चिकित्सकों ने एक शोध में स्पष्ट किया है कि गर्भवती महिलाओं में प्रसव हेतु ऑपरेशन के दौरान बेहोश करने के लिए जो सुई रीढ़ की हड्डी में लगाई जाती है। इससे पीठ दर्द पनपता है। शोध से यह नतीजा भी सामने आया है कि इस बेहोशी की सुई से उसकी पेशियां कमजोर पड़ जाती हैं और तंतुओं के टूटने से जो पीठ दर्द शुरू होता है उसे ठीक करने के लिए उपचार में कभी-कभी वर्षों भी लग जाते हैं।

पीठ दर्द से बचावः-

- ❒ कमर दर्द से बचने के लिए नियमित व्यायाम करें।
- ❒ क्षमता व आवश्यकता से अधिक कार्य न करें।
- ❒ अधिक लेटना, खड़े होना, चलना और झुकना नहीं चाहिए।
- ❒ ऊंची हील के जूते, चप्पल या सैंडिल न पहनें।
- ❒ पीठ दर्द होने पर थोड़ा विश्राम करें।
- ❒ बिना ज्ञान के व्यायाम के आसन न करें।
- ❒ गर्म पानी अथवा बर्फ की थैलियों की सिंकाई से पीठ दर्द में आराम मिलता है।
- ❒ वाहन चलाते समय कमर को टेक अवश्य दें।
- ❒ संभव हो तो सप्ताह में एक बार कमर की मालिश अवश्य करवाएं।
- ❒ व्यायाम करते समय सीधे खड़े होकर दोनों हाथों को ऊपर ले जायें। फिर पंजों के बल खड़े होकर शरीर का संतुलन बनाये रखें। इससे पीठ दर्द नहीं होता।
- ❒ एक अन्य आसन के अनुसार पेट के बल ज़मीन पर लेटें, फिर अपने हाथ सिर से आगे सामने की ओर फैलायें, इसके बाद बायां हाथ और दायां पैर एक साथ ऊपर उठायें तथा दोनों को साथ ही विपरीत दिशा में खींचने की कोशिश करें। इस प्रक्रिया से पीठ दर्द में राहत पहुचंती है।
- ❒ तीसरा आसन है पेट के बल लेटें। फिर हाथ पीठ के पीछे बांधें और पैरों व सिर को एक साथ ऊपर उठायें और धड़ पेट के बल ज़मीन पर टिकाये रखें। इन सभी व्यायामों से कमर दर्द से बचाव तो होगा ही, स्वास्थ्य व शरीर भी तरोताज़ा रहेगा। (स्वा.द.)

बालों की चमक रखें बरकरार

सुनीता गाबा

प्रदूषित वातावरण, शैंपू का अधिक प्रयोग ब्लो ड्राई, हेयर कलरिंग, हेयर स्मूदनिंग या अन्य बालों के ट्रीटमेंट बालों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ उन्हें डल भी बनाते हैं। डलनेस से बचाने के लिए जानिए कुछ टिप्स जिनसे बालों की चमक बनी रह सके -

बालों की मालिश तेल से करें:-

विशेषज्ञ के अनुसार बालों की बाहरी सतह पर तेल लगाना बालों को सुरक्षा प्रदान करना हैं। सिर धोने से पूर्व बालों की बाहरी सतह पर अवश्य तेल लगाएं हो सके तो खोपड़ी में भी थोड़ा तेल डाल हल्की सी मालिश कर लें ताकि जड़ों में नमी बनी रहे और रक्त संचार में सुधार होने से बालों की ग्रोथ भी ठीक रहेगी। शैंपू बालों को साफ तो करता है बालों को खुश्क भी बना देता है। इससे बचने के लिए बालों पर तेल लगाकर मालिश करना ठीक है।

करें कंडीशनर और सीरम का प्रयोगः-

अगर बाल ज्यादा रफ और खुश्क हो गए हैं तो बाल धोने के बाद बालों पर कंडीशनर का प्रयोग करें। धूप में बाहर जाते समय हेयर सीरम का प्रयोग

करें ताकि प्रदूषण का प्रभाव बालों पर न हो। खुश्क और डल बालों के लिए गर्म पानी में भिगोया तौलिया 5 से 7 मिनट तक बालों पर लपेटे ?, तो बालों में जान आ जाएगी। यह तरीका बालों को आसानी से मैनेज करने में मदद करता है।

बालों को रखें हाइड्रेटः-

पानी ज्यादा पिएं, इससे बाल माश्चराइज रहते हैं। सर्दियों में कॉड लिवर ऑयल कैप्सूल खाएं इससे बालों और त्वचा में चमक बनी रहती है। नट्स का सेवन नियमित करें ताकि प्राकृतिक रूप से विटामिन ई प्राप्त होता रहे और बालों की चमक भी बरकरार रहे।

तनाव से बचें:-

प्रयास कर स्वयं को तनाव से दूर रखें। अगर परिस्थितियां कभी विपरीत हों तो समस्या का ढंग ढूंढें। नियमित व्यायाम और योगाभ्यास करें ताकि तनाव से दूरी बनी रहे। अधिक तनाव में रहने से चेहरे और बालों की चमक पर प्रभाव पड़ता है। बाल टूटते भी अधिक हैं।

आहार पौष्टिक लें:-

बालों की मजबूती, चमक और त्वचा की चमक पर आहार का रोल बहुत बड़ा है। नियमित पौष्टिक आहार लें। दूध, दूध से बने प्रॉडक्टस, स्प्राउट्स, नट्स, हरी सब्जियां, सलाद, दालें,फल,जूस, सब्जियों का सूप लें ताकि अंदरूनी स्वास्थ्य ठीक रहे। (स्वा.द.)

खतरनाक हो सकता है खूब पानी पीना

विकास मानव

एक दिन में कितना पानी पीते हैं आप? शायद आठ से दस गिलास या इससे भी ज्यादा। हो सकता है पानी की बोतल भी साथ रखते हों। कारण कई सारे हैं.... किसी को लगता है कि पानी पीने से वजन घटता है। कोई खूबसूरत स्किन की खातिर पानी पीता है। ऐसा नहीं है कि पानी की बाबत मशहूर सारे फायदे सच नहीं हैं लेकिन एक सच यह भी है कि जरूरत से ज्यादा पानी पीना हमारे लिये नुकसानदेह भी है।

ज्यादातर लोग केवल पानी के फायदों से वाकिफ होते हैं। जरूरत से ज्यादा पानी कितना नुकसानदेह हो सकता है, यह कम ही लोग जानते हैं। एक्सपर्ट मानते हैं कि अगर इंसान जरूरत से ज्यादा पानी पीता है तो उसकी किडनी पर एक्स्ट्रा प्रेशर पड़ता है जो गंभीर नुकसान पहुँचा सकता है।

पेंसिलवेनिया यूनिवर्सिटी के किडनी एक्सपर्ट डॉक्टर स्टेनले गोल्डफैर्ब अपनी वेबसाइट में लिखते हैं कि जरूरत से ज्यादा पानी पीने से किडनी को अपनी क्षमता से ज्यादा काम करना पड़ता है। वह आगे लिखते हैं कि व्यक्ति को एक दिन में 10 गिलास या 3 लिटर पानी जरूर पीना चाहिये जैसी सलाह कहाँ से आई है, इसका किसी को पता नहीं है। इस सलाह का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है।

वेलनेस एक्सपर्ट डॉक्टर इशी खोसला तो मानती हैं कि जरूरत से ज्यादा पानी पीने से हार्ट फेल होने का खतरा भी रहता है। दरअसल पिछले कुछेक सालों में पानी का इतना प्रचार किया गया है कि हर व्यक्ति पानी को हैल्थ टॉनिक समझने लगा है। उसे लगता है कि सेहत की सारी समस्याओं का समाधान इस बात में छुपा है कि ढेर सारा पानी रोज पिया जाये।

पानी जिंदगी के लिये सबसे जरूरी चीज है लेकिन कितना पानी पीना चाहिये, इस बाबत लोगों में कंफ्यूजन की स्थिति है। हैल्थ एक्सपर्ट का मतलब पानी की उस मात्रा से होता है जिसे हम समग्र रूप में रोज लेते हैं जो खाने की अलग-अलग चीजों के जरिये भी हमारे शरीर में जाता है। सब्जी से लेकर फल तक हर चीज में पानी का अंश होता है। यह अंश भी हमारी सेहत पर वही असर करता है जो पानी अपने शुद्ध रूप में करता है।

मूली और शलजम जैसी कई सब्जियों में 90 प्रतिशत पानी होता है। इसी तरह से खरबूजे और तरबूज में भी भारी मात्रा में पानी पाया जाता है। चाय जैसे दूसरे तरल पदार्थों के जरिये जो पानी हमारे शरीर में जाता है वह भी फायदेमंद होता है। जापान में ज्यादातर लोग रोज 18 गिलास ग्रीन टी पीते हैं और जापानियों की स्किन को संसार में सबसे अच्छी स्किन माना जाता है।

जो लोग इस तरह से पानी लेते हैं, उन्हें अलग से ज्यादा पानी पीने पर जोर नहीं देना चाहिये। शुरु में लोग फिटनेस

फ्रीक नहीं थे, फल, सब्जी या जूस का सेवन भी कम करते थे, इसलिये पानी पीने पर जोर दिया जाता था ताकि कम से कम पानी तो शरीर में जाये लेकिन आज जब लोग ऐसी चीजों का सेवन कर रहे हैं जिनके जरिये पानी शरीर में जाता है तो पानी का अतिरिक्त सेवन करने की खास जरूरत नहीं है। अगर हम फल या जूस पीते हैं तो न सिर्फ पानी की पर्याप्त मात्रा हमें मिलती है बल्कि दूसरे पौष्टिक तत्व भी शरीर में जाते हैं।

पानी के फायदे का इतना प्रचार किया गया कि लोग भूल गये कि सीमा के बाहर किसी भी चीज का सेवन नुकसानदेह हो सकता है, पानी का भी। पानी के फायदे अपनी जगह मगर यह भी सच है कि जरूरत से ज्यादा पानी पीना सेहत के लिये नुकसानदेह हो सकता है। इससे किडनी और दिल पर प्रेशर पड़ता है।

हेल्थ एक्सपर्ट मानते हैं कि पानी की इतनी पब्लिसिटी उस समय की गई थी, जब लोग फिटनेस फ्रीक नहीं थे। फल नहीं खाते थे। जूस और ग्रीन टी का चलन नहीं था। ये सारी चीजें शरीर में पानी का लेवल बनाए रखती हैं। अगर कोई व्यक्ति इन चीजों का सेवन कर रहा है तो उसे प्यास से ज्यादा पानी पीने की जरूरत नहीं।

अगर आप टीवी, रेडियो या मैगजीन पढ़ कर अपने लिये पानी की मात्रा तय करते हैं तो शायद एक दिन में 18 गिलास पानी पीते होंगे। आप सोचते होंगे कि हेल्थ एक्सपर्ट इतने ही पानी की सलाह देते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि हैल्थ एक्सपर्ट पानी की उस समग्र मात्रा की बात करते हैं, जिसका सेवन हम रोज करते हैं। मसलन सब्जियों और फलों के जरिये लिया जाने वाला पानी, ग्रीन टी, चावल के जरिये मिलने वाला पानी और दूध के जरिये मिलने वाला पानी। इसके बाद प्यास महसूस होने पर शुद्ध पानी।

अब जरा सोचिये, अगर आप ऐसा भोजन भी करते हैं जिसमें पानी की अच्छी मात्रा है और उसके ऊपर से 18 गिलास या 2 लीटर पानी भी पीते हैं तो जाहिर है कि आपके शरीर में पानी की ओवरडोज जा रही है। हम रोजाना जो चीजें खाते हैं, उनमें भी पानी की पर्याप्त मात्रा होती है। मसलन 100 ग्राम सेब में 84.5 ग्राम पानी होता है। 100 ग्राम अंगूर में 81.8 ग्राम पानी होता है। 85 ग्राम स्वीट कॉर्न में 59.42 ग्राम पानी होता है। 220 ग्राम टमाटर के सूप में 185.24 ग्राम पानी होता है। 100 ग्राम आम में 84 ग्राम पानी होता है। दही और लहसुन में भी पर्याप्त मात्रा में पानी होता है। जूस, चाय या दूध, लीची, गाजर मुनक्का, खजूर, शलजम में भी पानी होता है।

ज्यादा पानी के नुकसान

हेल्थ एक्सपर्ट मानते हैं कि जरूरत से ज्यादा पानी पीने से हमारी किडनी पर ज्यादा प्रेशर पड़ सकता है जो नुकसानदेह है।

वेलनेस एक्सपर्ट ईशी खोसला कहती हैं कि जरूरत से ज्यादा पानी पीने से हमारे दिल को भी खतरा हो सकता है। जरूरत से ज्यादा पानी पीने से हमारे शरीर में मौजूद वह रस काम करना बंद कर देते हैं जिनसे खाना पचता है। लिहाजा खाना देर से पचने लगता है। कई बार खाना ठीक से पच भी नहीं पाता। (स्वा.द.)

माउथ फ्रेशनर्स से लें पूरा मज़ा

नीतू गुप्ता

खाने के बाद मुंह से दुर्गन्ध न आए, इसलिए माउथ फ्रेशनर्स का खाने के बाद प्रयोग किया जाता है। खाने के बाद माउथ फ्रेश रखने का सबका अपना तरीका होता है जैसे पान, सुपारी, सौंफ आदि।

अपने घर पर तो किसी भी तरीके से इनका सेवन किया जाए तो कोई अधिक नोटिस नहीं करता पर जब कभी आप रेस्तरां, पार्टी या किसी के घर अतिथि बन डिनर पर जाते हैं तो इन्हें सलीके से खाया जाये तो शिष्टता का आभास होता है। यह भी टेबल मैनर्स का एक जरूरी हिस्सा है। माउथ फ्रेशनर्स लेने से पहले ध्यान दें कुछ बातों पर:-

- ◆ माउथ फ्रेशनर्स लेने से पहले अपने पास एक नैपकिन जरूर रखें। यह मुंह-हाथ साफ करने के काम आता है।
- ◆ माउथ फ्रेशनर्स लेते समय चम्मच से उन्हें उठायें। हाथ से उठाना अशिष्टता को दर्शाता है और बाकी का जूठा होने का खतरा भी रहता है।
- ◆ जब आप माउथ फ्रेशनर्स चम्मच से उठा रहे हैं तो उसे चम्मच से मुंह में सीधा न डालें। चम्मच जूठा हो सकता है जिससे बाकी लोग उस चम्मच का प्रयोग नहीं कर सकते। चम्मच से माउथ फ्रेशनर्स हाथ में लेकर मुंह में डालें।
- ◆ जिस हाथ से माउथ फ्रेशनर्स मुंह में डालें, ध्यान रखें वह हाथ साफ होना चाहिए।
- ◆ खाते समय किसी से बात न करें ताकि सौंफ, सुपारी या पान खाते समय सामने वाले पर मुंह से उछल कर गिर न जाएं।
- ◆ पान खाने से पूर्व नज़र दौड़ा लें कि पीकदान कहां रखा है ताकि जरूरत पड़ने पर उसका आसानी से लाभ उठा सकें। पान सलीके से उठायें और मुंह में डालते ही उंगलियों को नैपकिन से साफ कर लें ताकि आपके कपड़ों पर दाग न लग जाए।
- ◆ सौंफ और मिश्री को साथ न मिलाएं। उठाते समय ध्यान दें कि वे अलग ही रहें। (स्वा.द.)

बरसात का मौसम और आपका स्वास्थ्य

सुमित्रा यादव

वर्षा ऋतु का आगमन हो चुका है। बारिश की रिमझिम फुहारों के साथ प्रकृति के मनोहारी दृश्य का आनंद स्वस्थ और प्रसन्न मन के साथ आप भी उठा सकते हैं। बस जरूरत है थोड़ी सी समझदारी एवं सावधानी की। तो आइये जानें इसके बारे में।

- ✒ सर्वप्रथम आस पास की सफाई की ओर विशेष ध्यान दें क्योंकि सूर्य की पर्याप्त रोशनी के अभाव में कीड़े-मकोड़े अधिक पनपते हैं। गड्ढे एवं नालियों में दवाई का छिड़काव करें। घर में सीलन न हो। हमेशा फिनाइल डालकर पोंछा लगाये। बाथरूम में भी सफाई नियमित करे।
- ✒ पहनने के कपड़े सूखे होने चाहिएं। बिछौना गीला न हो।
- ✒ बारिश में हमारे शरीर को अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ता है। निम्न तरीकों से इन रोगों से बचा जा सकता हैं।
- ✒ चिकनाई युक्त तली-भुनी खाद्य वस्तुओं एवं बाजार में बिकने वाली इस प्रकार की अन्य चीजों से परहेज करें।
- ✒ चूंकि मौसम में आर्द्रता आ जाने से शरीर में पाचन क्रिया धीमी पड़ जाती है अतः भोजन में विशेष ध्यान दें। करेला, कद्दू, लौकी, भिण्डी, अदरक लहसुन प्याज, पुदीने का प्रयोग अधिकाधिक करें।
- ✒ मौसमी फल आम का प्रयोग भी भोजन उपरांत किया



जा सकता है।

- ✒ भोजन समयानुसार ही लें। दिन में तीन-चार बार भोजन न करें।
- ✒ सूर्योदय के पूर्व उठना शरीर के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। देर तक नहीं सोना चाहिए। इस मौसम में दोपहर को कदापि नींद नहीं लेनी चाहिए।
- ✒ बारिश में यदि आप भीग गये हों तो तुरंत ही सूखे कपड़े पहन लें क्योंकि नमी होने की वजह से शरीर में खुजली, घमौरियां व चर्म रोग हो सकता हैं।
- ✒ अलग-अलग स्थानों का पानी न पिएं। हमेशा स्वच्छ पानी पिएं। पानी साफ को बर्तन में छाल लें या फिटकरी डालकर ढक कर रखें।
- ✒ बार-बार पेय पदार्थ न पियें। किसी भी पदार्थ का अधिक मात्रा में सेवन न करें, न ही कई दिनों के रखे बासी पदार्थ को खायें।
- ✒ इस मौसम में ज्यादा आहार विहार नहीं करना चाहिए। हल्का व्यायाम कर सकते हैं।
- ✒ पानी खूब मात्रा में पीजिए क्योंकि इससे भोजन पचने में आसानी होगी।
- ✒ इन्हीं छोटी-छोटी किंतु महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रख हम बरसात में होने वाले हैजा, मलेरिया जैसे भयंकर संक्रामक रोगों से बच सकते हैं। साथ ही साथ अपने शरीर को स्वस्थ रख प्रसन्नचित्त होकर प्रकृति की अद्भुत नैसर्गिक छटा का लुत्फ उठा सकते हैं। (स्वा.द.)

सेहत की खबरें

सोनी मल्होत्रा

अल्कोहल स्तन कैंसर की संभावना को बढ़ाता है

एक नवीनतम शोध के अनुसार अल्कोहल का सेवन चाहे वह सीमित मात्रा में ही क्यों न हो, महिलाओं में स्तन कैंसर की संभावना को बढ़ा देता है। इस शोध में उन महिलाओं पर अध्ययन किया गया जिन्हें मेनोपॉज हो चुका था। इन महिलाओं को प्रतिदिन अल्कोहल का सेवन करवाया गया और उनके रक्त में एक फैट हार्मोन लेप्टिन का स्तर अधिक पाया गया। जिन महिलाओं ने अल्कोहल के एक या दो ड्रिंक का प्रतिदिन सेवन किया, उनमें लेप्टिन का स्तर अल्कोहल का सेवन न करने वाली महिलाओं की अपेक्षा 7-9 प्रतिशत अधिक पाया गया। इन फैट हार्मोन का स्तर स्तन कैंसर से संबंधित है।

हाइपरएक्टिव बच्चे हो सकते हैं अन्य रोगों के शिकार भी

बच्चों में पाये जाने वाले 'अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिस्आर्डर, का इलाज जितनी जल्दी करा लिया जाए, उतना ही अच्छा है नहीं तो बच्चा इस डिस्आर्डर के रहते कई अन्य गलत आदतों का शिकार बन सकता है जैसे धूम्रपान, अल्कोहल व अन्य नशीले पदार्थों का सेवन। 'द यूनिवर्सिटी आफ पिट्सबर्ग स्कूल ऑफ मेडिसिन के साइकालोजिस्ट ब्रुक मोलिना व द स्टेट यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क के विलियम पेलहाम ने 13-18 वर्ष के 142 टीनएजर्स जो ए.डी.एच.डी. डिस्आर्डर से पीड़ित थे व 100 ऐसे बच्चे जो इस डिस्आर्डर के शिकार नहीं थे, का तुलनात्मक अध्ययन किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि इस डिस्आर्डर के कारण बच्चे धूम्रपान व नशीले पदार्थों के सेवन का शिकार भी बन जाते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार इस डिस्आर्डर के कारण बच्चे अपना ध्यान पढ़ाई में केन्द्रित नहीं कर पाते जिसके कारण उन्हें स्कूल में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे बच्चे अपने दोस्तों, परिवार वालों के साथ भी सही सामंजस्य नहीं रख पाते जिससे उनके संबंधों पर असर पड़ता है। ऐसे वातावरण व परिस्थितियों में उनका झुकाव गलत आदतों की ओर हो जाता है, इसलिए विशेषज्ञों के अनुसार इस रोग का पता चलते ही इसका इलाज बहुत महत्त्वपूर्ण है।

विटामिनों का सेवन दृष्टिहीनता को कम करता है

अमेरिका में हुए एक अध्ययन के फलस्वरूप विशेषज्ञ इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि विटामिनों का सेवन बढ़ती आयु में होने वाली दृष्टिहीनता तथा विज़न लॉस को रोकता है। 65 वर्ष व इससे अधिक की आयु के व्यक्तियों में एज़ रिलेटिड मैकुलर डिजेनरेशन ए. एम. डी. अंधेपन का मुख्य कारण है। विशेषज्ञों ने अपने शोध के दौरान पाया कि विटामिन सी. ई. बैटा केरोटिन, जिंक व जिंक आक्साइड के सेवन से ए एम डी की रोकथाम की जा सकती है।

माँ बनना तनाव दूर भगाता है

मातृत्व एक ऐसी भावना है जिससे महिला को असीम संतुष्टि प्राप्त होती है। मां बनना हर महिला के गौरव को बढ़ा देता है। मां बनना न केवल महिला को स्मार्ट बना देता है बल्कि विषम परिस्थितियों में उसे साहस भी प्रदान करता है, ऐसा मानना है विशेषज्ञों का। द यूनिवर्सिटी ऑफ रिकमंड की न्यूरोसाइंटिस्ट क्रेग किन्सले ने चूहों पर एक शोध के दौरान पाया कि जिन माता चूहों के एक या एक से अधिक बच्चे थे, वे अन्य चूहों जिनके बच्चे नहीं थे, की तुलना में कम तनावग्रस्त पाई गई।

जब उनके मस्तिष्क के फीयर सेंटर्स की जांच की गई तो उसमें कम एक्टिविटी पाई गई। यही नहीं, गर्भावस्था में उत्पन्न हुए हार्मोन मस्तिष्क के उन सेल्स का पोषण करते हैं जिनका संबंध स्मरण रखने से है। किन्सले का कहना है कि यह न केवल चूहों में बल्कि अन्य जानवरों व मनुष्य में भी हो सकता है। यह जानने के लिए अभी अन्य शोधों की जरूरत है।

माँ बनना तनाव दूर भगाता है

हरियाली हर किसी की आंखों को तो भाती ही है, साथ ही व्यक्ति को अच्छा महसूस भी कराती है। टैक्सास ए एण्ड एम यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों के अनुसार हेल्थ केयर सेंटरस व अस्पताल में अगर पेड़-पौधों के बीच रोगी रहता है तो वह अच्छा महसूस करता है और कम दर्द व तनाव महसूस करता है। यही नहीं, उसे देखने आने वाले स्टाफ मेम्बर्स भी तनाव मुक्त महसूस करते हैं।

प्रकृति को प्रारंभ से ही स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना गया है। प्रकृति मनुष्य के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, दोनों को लाभ पहुंचाती है इसलिए विशेषज्ञों के अनुसार हेल्थ सेंटरस व अस्पतालों में हीलिंग गार्डन होने चाहिए जहां रोगी प्रकृति की छटा का आनन्द लेते हुए अपने दर्द को कम महसूस करें।

जटिल कार्यकलाप मस्तिष्क को तेज बनाते हैं

द जर्नल आफ एपिडिमियोलोजी एंड कम्युनिटी हेल्थ में प्रकाशित एक शोध के अनुसार अगर वयस्क व्यक्ति अपने मस्तिष्क का प्रयोग जटिल कार्यों में लगाता है तो उसका मस्ष्तिक तेज व अधिक एक्टिव रहता है। यही नहीं, इस शोध में यह भी पाया गया कि मध्यम आयु के व्यक्ति अगर अपने आप को सामाजिक कार्यकलापों में व्यस्त रखते हैं तो इनका दिमाग ऐसे व्यक्तियों के मुकाबले जो लोग बागवानी या अन्य घरेलू कार्यों में अपना खाली समय व्यतीत करते हैं, अधिक चुस्त रहता है। कठिन कार्यकलापों में मस्तिष्क अधिक व्यस्त रहता है जिससे उसकी कार्यक्षमता बढ़ती है।

इस शोध में विशेषज्ञों ने 35-55 वर्ष की आयु के 5352 व्यक्तियों का अध्ययन किया कि वे अपना खाली समय किन कार्यकलापों में व्यतीत करते हैं। फिर इन व्यक्तियों में मेंटल फंक्शन जानने के लिए गणित, भाषा ज्ञान आदि टेस्ट किए। इन टेस्ट के फलस्वरूप विशेषज्ञों ने पाया कि जिन व्यक्तियों ने अपने आपको मस्तिष्क को चुनौती देने वालों कार्यकलापों में व्यस्त रखा, उन्होंने अच्छा परफार्म किया। इन कार्यकलापों में शतरंज खेलना, क्रिज में भाग लेना, ताश, पढ़ना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेना आदि शामिल थे।

हड्डियों की मजबूती के लिए आवश्यक है विटामिन डी

विटामिन डी का सेवन हमारी हड्डियों की मजबूती के लिए बहुत आवश्यक है और इसे पाने का सबसे सस्ता व अच्छा साधन है सूर्य की धूप। सर्दियों में तो विटामिन डी की आवश्यकता बढ़ जाती है। अभी तक लोग यह सोचते रहे कि शिशुओं को विटामिन डी की अधिक आवश्यकता होती है और अगर उन्हें इसकी पर्याप्त मात्रा न मिले तो रिकेटस नामक रोग हो सकता है परन्तु वयस्कों को भी इसकी पर्याप्त मात्रा में आवश्यकता होती है। विटामिन डी हडिड्यों को कैल्शियम को ग्रहण करने में भी सहायक होता है और इन बोन मिनरल्स की कमी से आस्टिओपोरोसिस रोग होने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए इसका उचित मात्रा में सेवन करें। (स्वा.द.)

न्यूज इन ब्रीफ

प्रधानमंत्री मोदी ने नवीन पटनायक से फोन पर बात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली

भुवनेश्वर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से फोन पर बात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। बीजू जनता दल (बीजद) प्रमुख द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री ने पटनायक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता को कुछ दिन आराम करना चाहिए। विपक्ष के नेता के कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अस्पताल में भर्ती नवीन पटनायक से आज बात की। प्रधानमंत्री ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।''

दिवंगत सरकारी कर्मचारियों की अविवाहित, विधवा या तलाकशुदा बेटी पारिवारिक पेंशन की हकदार : केंद्र

नयी दिल्ली : सरकार ने बुधवार को संसद में कहा कि दिवंगत सरकारी कर्मचारियों की अविवाहित, विधवा या तलाकशुदा बेटियां पारिवारिक पेंशन की हकदार हैं, बशर्ते वे कुछ निर्धारित शर्तों को पूरा करती हों। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) द्वारा अधिसूचित केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 और उसके बाद जारी 26 अक्टूबर 2022 के कार्यालय ज्ञापन में विभिन्न प्रावधान शामिल किये गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की तलाकशुदा/विधवा बेटी को उपयुक्त समय पर पारिवारिक पेंशन मिल सके। उन्होंने बताया कि रेलवे और रक्षा कर्मियों तथा पेंशनभोगियों के लिए अलग-अलग नियमों के तहत यही प्रावधान किए गए हैं।

जैन समुदाय को पर्यूषण पर्व संबंधी याचिका पर उच्च न्यायालय से नहीं मिली राहत

मुंबई : मुंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को जैन समुदाय के सदस्यों को उनके पर्यूषण पर्व के दौरान शहर में 10 दिनों के लिए बूचड़खानों को बंद करने के अनुरोध पर कोई राहत देने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति संदीप मार्ने की पीठ ने कहा कि वह समुदाय की भावनाओं का सम्मान करती है, लेकिन सवाल यह है कि उसे (समुदाय को) बूचड़खानों को 10 दिनों तक बंद रखने की मांग करने का अधिकार कहां (किस वैधानिक प्रावधान) से मिलता है। याचिकाओं में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) आयुक्त द्वारा 14 अगस्त को पारित आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें बूचड़खानों को केवल दो दिनों के लिए बंद करने की अनुमति दी गई थी। आयुक्त ने तर्क दिया था कि शहर में जैन समुदाय की आबादी कम है। जैन धर्म की दिगंबर शाखा 20 से 27 अगस्त तक और श्वेतांबर शाखा 21 से 28 अगस्त तक पर्यूषण पर्व मनायेगी।

प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री: उच्च न्यायालय ने सीआईसी के आदेश के खिलाफ डीयू की याचिका पर फैसला टाला

नयी दिल्ली : दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की उस याचिका पर बुधवार को अपना फैसला टाल दिया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री के संबंध में सूचना का खुलासा करने के निर्देश देने वाले सीआईसी के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता को अपराह्न लगभग ढाई बजे फैसला सुनाना था लेकिन फैसले को टाल दिया गया। फैसला अब 25 अगस्त को सुनाए जाने की संभावना है। सुनवाई के समय, डीयू की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि सीआईसी का आदेश रद्द किया जाना चाहिए, क्योंकि ''निजता का अधिकार'' ''जिज्ञासा के अधिकार'' से ऊपर है। मेहता ने हालांकि कहा था कि विश्वविद्यालय मोदी की डिग्री से संबंधित अपना रिकॉर्ड अदालत को दिखाने को तैयार है।

इस साल चिकित्सा के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की करीब 8000 सीट बढ़ेंगी: एनएमसी प्रमुख

नयी दिल्ली : इस शैक्षणिक सत्र में देश में चिकित्सा के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में कुल 8,000 सीट बढ़ाए जाने की उम्मीद है और इसके मद्देनजर चिकित्सा महाविद्यालयों का मूल्यांकन किया जा रहा है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के प्रमुख डॉ. अभिजात शेठ ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2025 के लिए काउंसलिंग शुरू हो चुकी है और पहला चक्र पूरा हो चुका है। काउंसलिंग का दूसरा चक्र 25 अगस्त तक शुरू होने की उम्मीद है। इस वर्ष जुलाई में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा केंद्रीय

स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के अधिकारियों, बिचौलियों और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किए जाने के बाद आशंका जताई जा रही थी कि इस शैक्षणिक सत्र में चिकित्सा पाठ्यक्रमों की सीटों की संख्या में कमी आएगी। ये अधिकारी कथित तौर पर भ्रष्टाचार और चिकित्सा महाविद्यालयों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे में गैर कानूनी तरीके से हेरफेर सहित कई 'गंभीर' कृत्यों में संलिप्त थे। सीबीआई द्वारा जांच शुरू किये जाने के बाद एनएमसी ने सीट की संख्या बढ़ाने या नए पाठ्यक्रम शुरू करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। डॉ. शेठ ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''मेरी नियुक्ति के साथ ही मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड (एमएआरबी) का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। हमने प्राथमिकता के आधार पर स्नातक पाठ्यक्रम की चिकित्सा सीटों का निरीक्षण पूरा कर लिया है और मूल्यांकन कार्य प्रगति पर है।'' उन्होंने कहा, ''इस शैक्षणिक वर्ष में प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर हमें लगभग 8,000 सीटों (स्नातक और स्नातकोत्तर सीटों को मिलाकर) की वृद्धि की उम्मीद है।'' मौजूदा समय में देश में एमएमबीएस की 1,18,098 सीटें हैं, जिनमें से 59,782 सरकारी और 58,316 निजी संस्थानों की हैं। इसी प्रकार स्नातकोत्तर सीटों की संख्या 53,960 है, जिनमें से 30,029 सरकारी और 23,931 निजी क्षेत्र की हैं।

दीपावली, छठ पर बिहार के लिए 12 हजार से अधिक ट्रेन चलाई जाएंगी: अश्विनी वैष्णव

नयी दिल्ली : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि दीपावली और छठ पर्व पर बिहार के यात्रियों की सुविधा के लिए 12 हजार से अधिक विशेष ट्रेन चलाई जाएंगी। वैष्णव ने बताया कि बिहार के नेताओं से यात्रियों की जरूरतों को लेकर चर्चा के बाद मंत्रालय ने न सिर्फ नयी ट्रेन चलाने की योजना बनाई है, बल्कि कई अन्य योजनाएं और आधारभूत बुनियादी ढांचा परियोजनाएं भी तैयार की हैं। वैष्णव के अनुसार, सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधा के लिए चार नयी अमृत भारत ट्रेन शुरू की जाएंगी, जो दिल्ली-गया, सहरसा-अमृतसर, छपरा-दिल्ली और मुजफ्फरपुर-हैदराबाद मार्गों पर चलेंगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, पूर्णिया और पटना के बीच बहुत जल्द एक वंदे भारत ट्रेन शुरू की जाएगी, जिससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। रेल मंत्री ने बताया कि मंत्रालय ने बुद्ध से जुड़े स्थलों जैसे नालंदा और राजगीर तक पहुंच बढ़ाने के लिए बुद्ध सर्किट ट्रेन चलाने की योजना बनाई है। उन्होंने रेलवे बोर्ड की नयी प्रायोगिक योजना का भी जिक्र किया, जिसके तहत यदि यात्री 13 से 26 अक्टूबर 2025 के बीच प्रस्थान यात्रा करेंगे और 17 नवंबर से एक दिसंबर 2025 के बीच वापसी यात्रा करेंगे, तो उन्हें आवागमन किराये पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

यात्री आरक्षण प्रणाली प्रति मिनट बुक कर सकती है 25,000 टिकट : रेल मंत्री वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि भारतीय रेलवे ने यात्री आरक्षण प्रणाली का पूर्ण उन्नयन किया है, जिससे वर्तमान में प्रति मिनट 25,000 टिकट बुक किये जा सकते हैं। यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) के उन्नयन से जुड़े उपायों के बारे में पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में वैष्णव ने कहा, ''तकनीकी उन्नयन भारतीय रेलवे की एक सतत प्रक्रिया है। वर्तमान में, मौजूदा पीआरएस की बुकिंग क्षमता लगभग 25,000 टिकट प्रति मिनट है।'' वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे ने पीआरएस का पूर्ण उन्नयन किया है, जिसमें हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, नेटवर्क उपकरण, सुरक्षा अवसंरचना और नयी सुविधाएं शामिल हैं। वैष्णव ने बताया कि नयी प्रणाली वर्तमान क्षमता से चार गुना अधिक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है। उन्होंने कहा, ''उन्नयन कार्य के लिए 182 करोड़ रुपये मंजूर किये गए हैं।''

संरा : भारत ने महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा को लेकर पाकिस्तान की आलोचना की

संयुक्त राष्ट्र : भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक खुली बहस के दौरान पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए 1971 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हुए ''यौन हिंसा के जघन्य अपराधों'' की ओर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि यह सिलसिला ''आज भी बिना किसी दंड के'' जारी है। बहस के दौरान पाकिस्तानी प्रतिनिधि की ओर से लगाए गए 'बेबुनियाद आरोप' पर मंगलवार को संक्षिप्त टिप्पणी करते हुए भारतीय राजनयिक एल्डोस मैथ्यू पुन्नूस ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की 1971 की घटनाएं ''शर्मनाक रिकॉर्ड का मामला है।'' पुन्नूस ने ''संघर्ष क्षेत्रों में यौन हिंसा से बचे लोगों के लिए जीवन रक्षक सेवाओं और सुरक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अभिनव रणनीति'' विषय पर खुली बहस में अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तानी सेना ने 1971 में जिस तरह बेखौफ होकर पूर्वी पाकिस्तान में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के जघन्य अपराध किए, वह शर्मनाक है।'' भारतीय राजनयिक स्पष्टतः 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (मौजूदा बांग्लादेश) में बड़े पैमाने पर हुए नरसंहार और बलात्कार की घटनाओं का उल्लेख कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''यह निंदनीय प्रवृत्ति आज भी बेरोकटोक और बिना किसी दंड के जारी है।'' पुन्नूस ने कहा, ''धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ उत्पीड़न के हथियार के रूप में हजारों कमजोर महिलाओं और लड़कियों के अपहरण, तस्करी, बाल विवाह, घरेलू दासता, यौन हिंसा और जबरन धर्मांतरण की खबरें एवं विवरण हाल ही में जारी ओएचसीएचआर रिपोर्ट में भी दिए गए हैं।''

यदि हम सच बोलते हैं तो इसे दुष्प्रचार कहा जाता है: 'द बंगाल फाइल्स' पर मिथुन चक्रवर्ती ने कहा

मुंबई : दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का कहना है कि ''द बंगाल फाइल्स'' एक ऐसी फिल्म है जो 1946 में बंगाल में घटी घटनाओं के बारे में बताती है। वह इस बात से नाराज नजर आये कि फिल्म निर्माताओं द्वारा दर्शायी गयी सच्चाई को ''प्रचार'' बताकर खारिज कर दिया जा रहा है। 'द बंगाल फाइल्स' विवेक रंजन अग्निहोत्री की 'फाइल्स' त्रयी की तीसरी फिल्म है जो 16 अगस्त 1946 के कलकत्ता दंगों के इर्द-गिर्द घूमती है। ये दंगे अखिल भारतीय मुस्लिम लीग द्वारा अलग 'होमलैंड' की मांग के लिए 'डायरेक्ट एक्शन डे' के आह्वान के बाद शुरू हुए थे। चक्रवर्ती, अग्निहोत्री की अधिकतर फिल्मों का नियमित रूप से हिस्सा रहे हैं, जिनमें

'द ताशकंद फाइल्स', 'द कश्मीर फाइल्स' और यह नयी फिल्म शामिल है। चक्रवर्ती ने कहा कि एक ऐसा वर्ग है जो हमेशा ऐसी फिल्मों को निशाना बनाने की कोशिश करता रहता है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''अगर हम सच बोलते हैं तो उसे दुष्प्रचार कहा जाता है। क्या हमारी पीढ़ी को यह नहीं पता होना चाहिए कि नोआखली में क्या हुआ था और कलकत्ता हत्याकांड क्या था? उन्हें इसके बारे में नहीं जानना चाहिए? यह बहुत आश्चर्यजनक है। यह फिल्म सच्चाई, इतिहास, बंगाल और नोआखली में क्या हुआ और कलकत्ता हत्याकांड के बारे में है। हमने 'द कश्मीर फाइल्स' भी बनाई है, हमने इसमें सच्चाई दिखायी है।'' उन्होंने कहा,''ये लोग हमेशा चीज़ों को निशाना बनाने के लिए तैयार रहते हैं, चाहे आप कुछ भी करें। 'द ताशकंद फाइल्स' के साथ, क्या आप यह नहीं जानना चाहते कि हमारे महान नेता लाल बहादुर शास्त्री जी के साथ क्या हुआ, या ('द कश्मीर फाइल्स' के साथ) कश्मीरी पंडितों के साथ क्या हुआ?

संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित छठा दीक्षांत समारोह, 2089 छात्रों को मिली उपाधियां

कोलकाता, समाज्ञा : संस्कृति विश्वविद्यालय में छठा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 2089 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह में देशभर के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति, शिक्षाविद, आध्यात्मिक गुरु और उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित थे। समारोह के दौरान 536 डिप्लोमा, 1277 स्नातक, 248 स्नातकोत्तर और 28 पीएच.डी. की उपाधियां प्रदान की गईं। इसके अलावा, 130 मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। विशेष सम्मान के रूप में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के डॉ. जे. सी. चौधरी और प्रसिद्ध अभिनेता एवं कवि आशुतोष राणा को मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर डॉ. नलिनाक्ष एस. व्यास, एआईयू के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक और गोल्डी मसाले के निदेशक सुदीप गोयनका भी उपस्थित थे। आध्यात्मिक जगत से अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी सतीशाचार्य महाराज, आचार्य मनीष, पूज्य चिन्मयानंद बापू और महामंडलेश्वर हेमांगी सखी मां ने अपने प्रेरक विचार साझा किए और छात्रों को समाज के प्रति योगदान करने के लिए प्रेरित किया। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने उपाधिधारकों को बधाई देते हुए कहा कि यह समारोह छात्रों की मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों का उत्सव है। उन्होंने कहा कि छात्र केवल डिग्रियों के साथ नहीं, बल्कि मूल्य, जिम्मेदारी और समाज को बेहतर बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, और विश्वविद्यालय का नाम गर्व से रोशन करेंगे।

हमला सिर्फ मुझ पर नहीं, बल्कि दिल्ली की सेवा करने के हमारे संकल्प पर हुआ: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

'जन सुनवाई' के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला, आरोपी गिरफ्तार;हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

नयी दिल्ली : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान उन पर हुआ हमला लोगों की सेवा करने के उनके संकल्प को डिगाने का एक ''कायरतापूर्ण प्रयास'' है, लेकिन इससे उनका मनोबल नहीं टूटा है। बुधवार सुबह गुप्ता के कैंप कार्यालय में 'जन सुनवाई' के दौरान उन पर हमला किया गया। हमले के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि जन सुनवाई कार्यक्रम पहले की तरह जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज सुबह

जन सुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला केवल मेरे ऊपर नहीं, बल्कि दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के हमारे संकल्प को डिगाने के लिए किया गया एक कायराना प्रयास है।'' उन्होंने कहा, ''स्वाभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, लेकिन अब बेहतर महसूस कर रही हूं। मैं अपने सभी शुभचिंतकों से निवेदन करती हूं कि कृपया मुझसे मिलने के लिए परेशान न हों। मैं बहुत जल्द ही आपके बीच काम करती हुई दिखाई दूंगी।'' गुप्ता ने कहा, ''ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते। अब मैं पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूंगी। जन सुनवाई और जनता की समस्याओं का समाधान पहले की तरह ही गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा। आपका विश्वास और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके अपार स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।' मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस हमले को ''मुख्यमंत्री की हत्या की सुनियोजित साजिश'' का हिस्सा बताया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राजकोट (गुजरात) निवासी 41 वर्षीय आरोपी सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई को हिरासत में लिया गया है और उससे खुफिया ब्यूरो (आईबी) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम पूछताछ कर रही है।

असम में पांच करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की याबा गोलियां जब्त, दो लोग गिरफ्तार

गुवाहाटी : असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य के श्रीभूमि जिले में बुधवार को पांच करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की प्रतिबंधित याबा गोलियां जब्त की गईं और इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा पुवामारा बायपास पर मादक पदार्थ निरोधक अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस ने 29,400 याबा गोलियां बरामद कीं और मादक पदार्थ के दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं।

जयपुर: गोवत्स द्वादशी पर महिलाओं ने गाय और बछड़े की पूजा की

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से अचानक बाढ़, भूस्खलन, यातायात बाधित

जम्मू : जम्मू कश्मीर के विभिन्न जिलों में भारी बारिश के कारण कई नदियों और नालों में अचानक बाढ़ आ गई है, साथ ही कुछ जगहों पर भूस्खलन और यातायात बाधित होने की भी सूचना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के कारण कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है, मुगल रोड अवरुद्ध हो गया है और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी बाधित हुई है। उन्होंने बताया कि जम्मू में मूसलाधार बारिश के कारण बान टोल प्लाजा के पास राजमार्ग के एक हिस्से पर जलजमाव हो गया, जिससे यातायात बाधित हो गया और यात्रियों को बहुत असुविधाओं का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि नंदनी सुरंग में भूस्खलन के कारण यातायात कुछ समय के लिए बाधित हुआ, हालांकि मलबा हटाने के बाद यातायात बहाल हो गया।

कानूनी सहायता, मध्यस्थता के जरिये हर नागरिक के लिए न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है: प्रधान न्यायाधीश

नयी दिल्ली : प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि देश में पारंपरिक मुकदमेबाजी अकेले बोझ नहीं उठा सकती और कानूनी सहायता तथा मध्यस्थता के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के लिए न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' (एससीबीए) द्वारा आयोजित ''सभी के लिए न्याय-कानूनी सहायता और मध्यस्थता : बार और पीठ की सहयोगात्मक भूमिका'' व्याख्यान के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाशिये पर पड़े समुदायों के लिए न्याय का मार्ग जटिल और बाधाओं से भरा हो सकता है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक के लिए न्याय का वादा करता है।

निष्पक्ष एवं त्वरित सुनवाई के बिना आरोपियों को जेल में सड़ने नहीं दिया जा सकता: उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने यूएपीए मामले में बुधवार को कहा कि किसी भी आरोपी को निष्पक्ष और त्वरित सुनवाई के बिना जेल में सड़ने नहीं दिया जा सकता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाए और इसे दो साल के भीतर पूरा करे, क्योंकि अभियोजन पक्ष को 100 से अधिक गवाहों से जिरह करनी है। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के अप्रैल 2022 के उस आदेश को चुनौती देने वाली दो अपीलों पर अपना फैसला सुनाया, जिसमें मामले में एक आरोपी को जमानत दे दी गई थी, लेकिन एक अन्य सह-आरोपी को राहत देने से इनकार कर दिया गया था। जहां केंद्र की अपील में जमानत दिए जाने को चुनौती दी गई, वहीं दूसरी अपील सह-अभियुक्त द्वारा दायर की गई, जिसे राहत देने से इनकार कर दिया गया। जनवरी 2020 में बेंगलुरु में 17 आरोपियों के खिलाफ कथित अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (यूएपीए) के प्रावधान भी शामिल थे। बाद में यह मामला राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दिया गया और जुलाई 2020 में आरोपपत्र दायर किया गया।

पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ कहां 'छिपे' हैं, वह चुप क्यों हैं : राहुल गांधी

नयी दिल्ली : उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद से जगदीप धनखड़ के सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आने का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को सवाल उठाया कि वह कहां ''छिपे'' हुए हैं और ''पूरी तरह से चुप'' क्यों हो गए हैं। उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के सम्मान में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि धनखड़ के (उपराष्ट्रपति) पद छोड़ने के पीछे एक ''कहानी'' है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि देश के पूर्व उपराष्ट्रपति ऐसी स्थिति में क्यों हैं, जहां ''वह एक

शब्द भी नहीं बोल सकते'' और ''उन्हें छिपना पड़ रहा है।'' संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, ''पूर्व उपराष्ट्रपति कहां चले गए? वह क्यों छिपे हुए हैं?'' लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि जिस दिन उपराष्ट्रपति ने इस्तीफा दिया, केसी वेणुगोपाल उनके पास आए और कहा कि उपराष्ट्रपति ने ''पद छोड़ दिया है।'' राहुल ने कहा, ''उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया, इसे लेकर एक बड़ी कहानी है। आप में से कुछ लोग इसे जानते होंगे, कुछ लोग नहीं जानते होंगे। लेकिन इसके पीछे एक कहानी है।'' उन्होंने कहा, ''...और फिर एक कहानी यह भी है कि वह क्यों छिपे हुए हैं। भारत के (पूर्व) उपराष्ट्रपति ऐसी स्थिति में क्यों हैं, जहां वह एक शब्द भी नहीं बोल सकते और उन्हें छिपना पड़ रहा है... यह बात सभी जानते हैं।''

जब भी आतंकवाद उसके नागरिकों के लिए खतरा बनेगा, भारत पूरी ताकत से जवाब देगा: सरकार

नयी दिल्ली : सरकार ने बुधवार को कहा कि भारत के भविष्य के रक्षा कार्यक्रम, 'सुदर्शन चक्र मिशन' के संदर्भ में, ''पूर्वानुमानित प्रौद्योगिकियों'' के माध्यम से भविष्य के युद्ध परिदृश्यों का पूर्वानुमान लगाना और जवाबी कार्रवाई के लिए सटीक, लक्षित प्रणालियां बनाना, तीन-स्तरीय लक्ष्यों में से एक है। देश के सुरक्षा परिदृश्य के व्यापक सारांश में, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने बुधवार को कुछ आंकड़े और पिछले 11 वर्षों में विभिन्न रक्षा-संबंधी विकासों की रूपरेखा साझा की, जिसका शीर्षक था 'भारत की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा स्थिति में परिवर्तन'। इसमें कहा गया है, ''अतीत के विपरीत, वर्तमान सरकार के अंतर्गत भारत एक वैश्विक शक्ति बन गया है, एक ऐसा राष्ट्र जो मुद्दों पर दृढ़ता के साथ बोलता है।'' सरकार ने कहा कि भारत ने सीमापार आतंकवाद के प्रति दृढ़ एवं स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाया है तथा पिछले दशक में कार्रवाई का स्वरूप इस नीति को प्रतिबिंबित करता है। इसमें कहा गया है कि सबसे हालिया और निर्णायक कार्रवाई मई 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में हुई। इसमें कहा गया है कि पहलगाम में नागरिकों की हत्या के जवाब में, ''भारत ने अपने सशस्त्र बलों को कार्रवाई की पूरी आजादी दी।'' इसमें कहा गया है कि ड्रोन और सटीक हथियारों का इस्तेमाल करते हुए, उन्होंने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी शिविरों पर हमला किया। इसमें कहा गया है कि 100 से ज्यादा आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया, जिनमें आईसी814 अपहरण और पुलवामा हमले से जुड़े लोग भी शामिल थे। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों से जवाबी हमले करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय ड्रोन-रोधी प्रणालियों ने उन्हें नाकाम कर दिया। रूपरेखा में कहा गया है कि अपने 79वें स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट किया कि ''जब भी आतंकवाद उसके नागरिकों के लिए खतरा बनेगा, भारत पूरी ताकत से जवाब देगा।'' सरकार ने कहा कि मोदी सरकार तात्कालिक प्रतिक्रियाओं से आगे बढ़कर ''दीर्घकालिक खतरों'' के लिए भी तैयारी कर रही है। अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में मोदी ने भविष्योन्मुखी रक्षा कार्यक्रम, 'सुदर्शन चक्र मिशन' की घोषणा की थी। इसमें कहा गया है, ''इसके तीन लक्ष्य हैं - यह सुनिश्चित करना कि संपूर्ण प्रणाली का अनुसंधान, विकास और निर्माण भारत में ही हो; पूर्वानुमानित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से भविष्य के युद्ध परिदृश्यों का पूर्वानुमान लगाना; और जवाबी कार्रवाई के लिए सटीक, लक्षित प्रणालियां बनाना।

संसद ने दी आईआईएम संशोधन विधेयक को मंजूरी, गुवाहाटी में बनेगा प्रबंध संस्थान

नयी दिल्ली : संसद ने गुवाहाटी में भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) की स्थापना के प्रावधान वाले एक विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि केंद्र सरकार ने इसके लिए 550 करोड़ रुपये के आर्थिक अनुदान की व्यवस्था की है तथा संस्थान में मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही दाखिला शुरू हो जाएगा। राज्यसभा ने आज भारतीय प्रबंध संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 को चर्चा एवं शिक्षा मंत्री के जवाब के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसे मंगलवार को ही पारित कर चुकी है। उच्च सदन में विधेयक पर चर्चा एवं पारित किए जाने के दौरान कई विपक्षी दलों के सदस्य अनुपस्थित थे। विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे

पर चर्चा की अनुमति नहीं दिए जाने के विरोध में सदन से वाकआउट किया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधान ने कहा कि देश में अभी 21 आईआईएम संचालित हो रहे हैं और गुवाहाटी 22वां ऐसा संस्थान होगा। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद यह देश में 9वां नया आईआईएम होगा। उन्होंने कहा कि 1961 से देश में आईआईएम कार्यरत हैं। 1961 से 2014 तक 53 साल में केवल 13 आईआईएम ही स्थापित हो सकीं। उन्होंने कहा कि 2013-14 में सभी 13 आईआईएम में छात्रों की संख्या 3,500 थी जो 2024-25 में बढ़कर 9,800 हो गयी है। उन्होने कहा कि यह नए संस्थान बनाने और देश में छात्रों को अधिक अवसर प्रदान करने के प्रति मौजूदा सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधान ने कहा कि 2017 तक आईआईएम संस्थान डिग्री नहीं दे सकते थे और वे पीजी डिप्लोमा उपाधि प्रदान करते थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 2017 में आईआईएम को लेकर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप, आईआईएम राष्ट्रीय महत्व के संस्थान बन गए।

डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की होने के बाद ब्रसेल्स में नहीं खेलेंगे नीरज चोपड़ा

नयी दिल्ली: डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डाइमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है। नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने इसके बाद जूनर में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डाइमंड लीग का खिताब जीता। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे। नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था। कुल मिलाकर नीरज ने मौजूदा सत्र में अब तक छह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया जिसमें से चार में उन्होंने खिताब जीता जबकि दो में दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा तोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करेंगे।

कुलदीप एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके, महाराज फिर शीर्ष पर

दुबई: भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव बुधवार को जारी गेंदबाजों की नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। महाराज ने केन्र्स में तीन मैच की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में अपनी टीम को ऑस्ट्रेलिया पर 98 रन से जीत दिलाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए बाएं हाथ के 35 वर्षीय स्पिनर महाराज ने 33 रन देकर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने कुलदीप और श्रीलंका के महेश तीक्षणा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराज इससे पहले नवंबर और दिसंबर 2023 में कुछ समय के लिए शीर्ष पर थे। कुलदीप के अलावा रविंद्र जडेजा एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं जो गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं। भारतीय टीम ने चैंपियन्स ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद से कोई एकदिवसीय मैच नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स भी गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाने में सफल रहे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के आखिरी मैच में 18 रन देकर छह विकेट लिए थे। वह 15 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद (15 पायदान के फायदे से 39वें स्थान पर) और वेस्टइंडीज के ऑफ स्पिनर रोस्टन चेस (पांच पायदान के फायदे से 58वें स्थान पर) भी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं। पुरुषों की बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे में नाबाद 120 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप दो पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर हैं जबकि एडेन मार्करम (चार पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर), तेम्बा बावुमा (पांच पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर) और मिचेल मार्श (छह पायदान ऊपर 48वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे और यशस्वी जायसवाल 10वें स्थान पर हैं।

संधू ने पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो शॉट की बढ़त बनाई

होसुर (तमिलनाडु): चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज संधू ने बुधवार को पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप में दूसरे दौर में चार अंडर 67 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त दो शॉट की कर ली। पीजीटीआई 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष पर चल रहे और पिछले सप्ताह के विजेता संधू (63-67) का कुल स्कोर 12 अंडर 130 है। ओलंपियन और पुणे के गोल्फर उदयन माने (67-65) ने दिन का सबसे कम 65 का कार्ड खेला जिससे वह आठ स्थान की छलांग लगाकर 10 अंडर 132 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। नेपाल के सुभाष तमांग संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। कट एक ओवर 143 का रहा। 57 पेशेवर और एक अमेच्योर गोल्फर वीर गणपति ने कट हासिल किया।

भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में नेपाल को 7-0 से हराया

थिम्पू: भारत ने नीरा चानू लोंगजैम, अभिष्टा बेसनेट और अनुष्का कुमारी के दो-दो गोल की मदद से सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप के अपने पहले मैच में नेपाल को 7-0 से रौंद दिया। भारत की ओर से नीरा (25वें और 56वें मिनट), अभिष्टा (16वें और 41वें मिनट) और अनुष्का (37वें और 62वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे जबकि कप्तान जूलन नोंगमेथेम ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में एक गोल किया। भारतीय टीम मध्यांतर तक 5-0 से आगे थी। भाषा सुधीर नमिता

मेघालय के कराटे खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय स्वतंत्रता कप में 41 पदक जीते

शिलांग: मेघालय के खिलाड़ियों ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए हाल में नयी दिल्ली में आयोजित की गई 19वीं अखिल भारतीय स्वतंत्रता कप कराटे चैम्पियनशिप से 41 पदक जीते। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मेघालय ने कुमिते (मुक्केबाजी) और काटा (नृत्यबद्ध गतिविधि) दोनों में 10 स्वर्ण, 16 रजत और 15 कांस्य पदक हासिल किए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुल मिलाकर 35 खिलाड़ी पदक हासिल करने में सफल रहे। इनमें से छह खिलाड़ियों ने दो-दो तथा 29 खिलाड़ियों ने एक-एक पदक जीता।

महीनों की उथल-पुथल के बाद भारतीय मुक्केबाजी महासंघ चुनावों के लिए तैयार

नयी दिल्ली : प्रशासनिक मुद्दों और आंतरिक सत्ता संघर्ष के कारण महीनों से चली आ रही अनिश्चितता का अंत बृहस्पतिवार को भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के बहुप्रतीक्षित चुनावों के साथ होने वाला है। उम्मीद यही है कि आखिरकार रिंग के अंदर की गतिविधियां फिर से सुर्खियों में आ जाएंगी। दो बार अध्यक्ष रहे अजय सिंह लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने की कोशिश में हैं। स्पाइसजेट के प्रबंध निदेशक अजय सिंह पिछले पदाधिकारियों का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त होने के बाद भी भारतीय मुक्केबाजी में केंद्रीय व्यक्ति बने हुए हैं।इस महीने की शुरुआत तक वह विश्व मुक्केबाजी द्वारा नियुक्त अंतरिम समिति के भी अध्यक्ष थे जो बीएफआई के दैनिक कामकाज का संचालन कर रही थी। इस व्यवस्था को नवगठित विश्व संस्था पर उनके प्रभाव का संकेत माना जा रहा है। इस दौरान पुरुष और महिला टीम के लिए नए कोच नियुक्त किए गए, संविधान में संशोधन किया गया और विवादास्पद चयन मूल्यांकन प्रक्रिया में भी बदलाव किया गया। राष्ट्रीय शिविर चयन के लिए एक संशोधित प्रणाली भी लागू है। दिलचस्प बात यह है कि अजय सिंह की अध्यक्षता वाली अंतरिम समिति ने केरल राज्य इकाई के प्रमुख डी चंद्रलाल को महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है जो मार्च में संभावित चुनावों के दौरान अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों में से एक थे। इस महीने की शुरुआत में अंतरिम समिति ने चुनावों से पहले पूर्व महासचिव हेमंत कलिता का निलंबन भी हटा दिया था।चंद्रलाल और कलिता दोनों ही चुनावों में मतदान करेंगे। लेकिन समिति की वैधता सवालों के घेरे में रही है।

एशिया कप के लिये भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, लाकड़ा और दिलप्रीत को जगह

नयी दिल्ली: बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिये 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान बुधवार को किया गया जिसमें फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है। टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक खेला जायेगा जिसके विजेता को अगले साल एफआईएच पुरूष विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा जो 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होना है। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान हैं। राजिंदर सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे। राजिंदर को शमशेर सिंह की जगह चुना गया जबकि लाकड़ा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाले ललित उपाध्याय की जगह ली है। दिलप्रीत को गुरजंत सिंह पर तरजीह मिली है। स्ट्राइकर ललित उपाध्याय ने जून में एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया था। भारत को एशिया कप में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ पूल ए मिला है। भारतीय टीम 29 अगस्त को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है। गोलकीपिंग का दारोमदार कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा पर होगा। डिफेंस में हरमनप्रीत और अमित रोहिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह हैं। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह होंगे।

अनंत जीत नरुका ने स्वर्ण पदक जीता, सौरभ और सुरूचि की जोड़ी को कांस्य पदक

शिमकेंट (कजाखस्तान): भारतीय निशानेबाज अनंत जीत सिंह नरुका ने बुधवार को यहां पुरुष स्कीट फाइनल में कुवैत के मंसूर अल रशीदी को हराकर एशियाई चैंपियनशिप में अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले दिन में सौरभ चौधरी और सुरूचि इंदर सिंह की भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। नरुका फाइनल में एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन अल रशीदी को 57-56 से हराकर पोडियम पर शीर्ष पर रहे। कतर के अल-इशाक अली अहमद ने 43 अंक से कांस्य पदक जीता। सत्ताईस साल के नरुका चैंपियनशिप के 2023 चरण में टीम स्वर्ण और मिश्रित टीम स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उन्होंने पांच दौर के बाद 119 अंक से दूसरे स्थान से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जबकि कुवैत के अब्दुलअजीज अलसाद 120 अंक से फाइनल में सबसे आगे रहे। अल रशीदी 119 अंक से क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहे। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता नरुका का इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में कुल मिलाकर पांचवां पदक था। इससे पहले सौरभ और सुरूचि ने लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन को 17 .9 से हराया। इससे पहले मनु भाकर ने मंगलवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में पांचवां स्थान हासिल किया जब सुरूचि ने 292 और सौरभ ने 286 स्कोर किया। दोनों का कुल स्कोर 578 रहा और आठ टीमों के पदक दौड़ में प्रवेश के समय वे पांचवें स्थान पर थे। स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा शीर्ष दो टीम चीन और दक्षिण कोरिया के बीच थी। इसमें चीन ने 16-12 से जीत हासिल कर पहला स्थान हासिल किया। अन्य चार टीमों ने दो कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा की जिसमें भारत ने पहले कांस्य पदक के मुकाबले में चीनी ताइपे को हराया और दूसरे मुकाबले में ईरान ने वियतनाम को 16-8 से मात दी। इस साल चार विश्व कप पदक जीत चुकी सुरूचि ने क्वालीफिकेशन दौर में परफेक्ट 100 के साथ शुरूआत की। दूसरे में 94 और तीसरे में 98 स्कोर किया। चौधरी का स्कोर 95, 96 और 95 रहा। कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में पहले 16 अंक तक पहुंचने वाली टीम जीत जाती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती, स्थिरता की तस्वीर पेश करती है: गवर्नर मल्होत्रा

मुंबई: भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क को लेकर अनिश्चितताएं अब भी जारी हैं, इसलिए केंद्रीय बैंक को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने इस महीने के शुरू में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान करते हुए यह बात कही थी। आरबीआई ने बुधवार को चार-छह अगस्त के दौरान हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक का ब्योरा जारी किया। केंद्रीय बैंक के गवर्नर के साथ एमपीसी के अन्य सभी पांच सदस्यों ने रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया था। मल्होत्रा ने कहा, ''कुल मिलाकर हमारी अर्थव्यवस्था मजबूती, स्थिरता और अवसर की तस्वीर पेश करती है। भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति, विकास को बढ़ावा देने वाली नीतियां और दूरदर्शी रणनीति देश को एक मजबूत स्थिति में रखती हैं।' उन्होंने कहा कि हालांकि वृद्धि दर स्थिर बनी हुई है, लेकिन खाद्य कीमतों में नरमी के कारण मुद्रास्फीति के परिणाम अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल रहे हैं। मल्होत्रा ने कहा, ''हालांकि, निकट भविष्य में मुद्रास्फीति लक्ष्य से कम रहने की संभावना है और मासिक आंकड़े दो प्रतिशत के निचले संतोषजनक स्तर को भी पार कर सकते हैं, लेकिन तीसरी तिमाही से सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति में थोड़ी वृद्धि होने का अनुमान है। शुल्क को लेकर अनिश्चितताएं अभी भी उभर रही हैं।' उन्होंने कहा कि बाह्य मोर्चे पर अनिश्चितता की वर्तमान स्थिति को देखते हुए मौद्रिक नीति पर सतर्क रहने की आवश्यकता है।

शेयर बाजार में तेजी जारी; सेंसेक्स 213 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,000 अंक के पार

मुंबइ: स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 213 अंक के लाभ में रहा, जबकि निफ्टी 25,000 अंक के पार पहुंच गया। मुख्य रूप से आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 213.45 अंक यानी 0.26 प्रतिशत चढ़कर 81,857.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 341.23 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 69.90 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 25,050.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में, इन्फोसिस में सबसे अधिक 3.88 प्रतिशत और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 2.69 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इटर्नल और एचसीएल टेक भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स और ट्रेंट शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर आधा प्रतिशत नुकसान में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'मजबूत घरेलू पूंजी प्रवाह और अनुकूल वृहद आर्थिक गतिविधियों के समर्थन से भारतीय बाजार ने अपनी सकारात्मक गति बनाए रखी। हालांकि, उच्च मूल्यांकन और बाहरी जोखिम, विशेष रूप से रूसी कच्चे तेल की खरीद पर अमेरिकी शुल्क के कारण चुनौतियां बनी हुई हैं।' इसलिए, अमेरिकी व्यापार नीति और आय में सुधार की राह पर चीजें स्पष्ट होना महत्वपूर्ण है।'

जीएसटी सुधारों पर राज्यों के साथ आम सहमति बनाने के प्रयास करेगा केंद्रः सीतारमण

नयी दिल्ली: केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हैं और केंद्र सरकार आने वाले हफ्तों में इस पर राज्यों के साथ आम सहमति बनाने का प्रयास करेगी। सीतारमण ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर गठित राज्यों के मंत्रियों के समूहों (जीओएम) के साथ मुलाकात में कहा कि जीएसटी सुधारों पर केंद्र का प्रस्ताव संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाने और जीवन को आसान बनाने के तीन स्तंभों पर आधारित है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने, बीमा पर कराधान और क्षतिपूर्ति उपकर पर बने मंत्री समूहों ने जीएसटी प्रणाली में व्यापक सुधारों के प्रस्ताव को लेकर सीतारमण के साथ मुलाकात की। बैठक के दौरान सीतारमण ने इस बात पर ज़ोर दिया कि केंद्र सरकार का यह प्रस्ताव देश के आत्मनिर्भर बनने की यात्रा में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की शुरुआत करने के दृष्टिकोण से है। तीनों मंत्री समूह दो दिन तक केंद्र के 'अगली पीढ़ी' के जीएसटी सुधारों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिसके तहत पांच और 18 प्रतिशत की सिर्फ दो दरें ही प्रस्तावित की गई हैं। इसके अलावा विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 40 प्रतिशत कर की एक विशेष दर रखी गई है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'केंद्र सरकार सहकारी संघवाद की भावना के साथ जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी को लागू करने के लिए आने वाले हफ्तों में राज्यों के साथ व्यापक सहमति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।'' मौजूदा समय में पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाया जाता है। खाद्य एवं आवश्यक वस्तुओं पर शून्य या पांच प्रतिशत कर लगता है। वहीं विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगता है, जिसके ऊपर उपकर भी लगता है। सीतारमण ने मंत्री समूहों को लगभग 20 मिनट संबोधित किया जिसमें उन्होंने केंद्र की तरफ से रखे गए कर सुधार प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की। इसमें कर दरों में कटौती और कारोबारियों के लिए अनुपालन बोझ को कम करने का प्रस्ताव है। जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्री समूह को कर स्लैब एवं दरों में बदलाव और कुछ क्षेत्रों में शुल्क उलटफेर की समस्या खत्म करने का दायित्व सौंपा गया है। यह समूह 21 अगस्त को फिर बैठक करेगा।

केंद्र व्यक्तिगत बीमा प्रीमियम पर जीएसटी छूट देने के पक्ष में, मंत्री समूह भी सहमत

बिहार के उपमुख्यमंत्री और बीमा पर गठित मंत्रियों के समूह के संयोजक सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को जीएसटी से छूट देने का प्रस्ताव रखा है। फिलहाल जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम भुगतान पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। बीमा पर गठित मंत्री समूह की यहां आयोजित बैठक में लगभग सभी राज्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। हालांकि, तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लु भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि राज्यों ने यह सुनिश्चित करने की मांग रखी है कि कर कटौती का लाभ बीमा कंपनियों को नहीं बल्कि सीधे पॉलिसीधारकों को मिले। उन्होंने कहा, ''राज्य चाहते थे कि कर की दर या तो घटाई जाए या फिर इसमें छूट दी जाए। साथ ही कई राज्यों ने कहा कि कोई ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए ताकि दरों में कटौती का लाभ लोगों तक पहुंच सके। जीएसटी परिषद इसकी एक व्यवस्था तय करेगी। विक्रमार्क ने कहा कि व्यक्तिगत बीमा पॉलिसी पर जीएसटी छूट दिए जाने से सालाना करीब 9,700 करोड़ रुपये की राजस्व क्षति होने का अनुमान है।

पैसा आधारित ऑनलाइन गेम गंभीर सामाजिक, जन स्वांस्थ्य का मुद्रा : वैष्णव

नयी दिल्ली: इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि पैसे से जुड़ा ऑनलाइन गेम एक गंभीर सामाजिक और जन स्वास्थ्य समस्या बन गया है और इसका समाज पर नकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में पैसे से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को पारित करने के बाद कहा कि प्रस्तावित कानून ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देगा और भारत को ऐसे गेम के विकास का केंद्र बनाएगा। लोकसभा ने पैसे से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम के संचालन, खेल की सुविधा देने और विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाने वाले ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक को पारित कर दिया है। सरकार ऐसे ऐप के जरिए बढ़ती लत, धन शोधन और वित्तीय धोखाधड़ी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए कदम उठा रही है। वैष्णव ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'हमारा प्रयास ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग, ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देना है और हम चाहते हैं कि भारत एक गेमिंग विकास का केंद्र बने। इसके लिए पहले से ही कई प्रयास किए जा रहे हैं।' मंत्री ने कहा कि जहां तक डिजिटल तकनीक का सवाल है, ऑनलाइन गेमिंग तीन मुख्य क्षेत्रों के साथ एक 'प्रमुख क्षेत्र' के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा, 'दो क्षेत्र, ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग, समाज के लिए अच्छे हैं। हम तीन में से दो क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहे हैं... इन दोनों को कानूनी मान्यता मिलेगी और इनका प्रचार किया जाएगा। यह विधेयक एक प्राधिकरण बनाएगा जो मूल रूप से ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम और योजनाएं बनाएगा।'' मंत्री ने कहा कि तीसरा क्षेत्र, पैसे से जुड़ा ऑनलाइन गेम है, जो समाज को नुकसान पहुंचा रहा है और यह एक प्रमुख सामाजिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभरा है। वैष्णव ने कहा, 'यहां तक कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी ऑनलाइन गेम खेलने की लत और उसके दुष्प्रभाव को लेकर एक नई बीमारी 'गेमिंग डिस्ऑर्डर' को वर्गीकृत किया है जो चिंता, अवसाद, नींद की समस्या, सामाजिक अलगाव और तनाव का कारण बनती है।'

न्यूज अपडेट

देश सस्ता हाइड्रोजन बनाकर तेल उत्पादक देशों की बराबरी कर सकता है: नितिन गडकरी

नयी दिल्ली: केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि यदि देश में हाइड्रोजन बनाने की लागत को एक डॉलर प्रति किलोग्राम तक लाया जा सका, तो वह ऊर्जा आयातक से वैश्विक निर्यातक बन सकता है। द एनर्जी एंड रिसोर्सेस इंस्टिट्यूट में आयोजित 24वें दरबारी सेठ स्मृति व्याख्यान में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में हाइड्रोजन की लागत लगभग पांच से छह डॉलर प्रति किलोग्राम है, जो पारंपरिक ईंधनों की तुलना में काफी महंगी है। गडकरी ने कहा, 'यदि हम इसे एक डॉलर प्रति किलोग्राम तक लाने में सफल हो जाते हैं, तो भारत मौजूदा तेल उत्पादक देशों के समान स्थिति में पहुंच जाएगा।' उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन, ऊर्जा के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। मंत्री ने कहा कि सबसे बड़ी बाधा हाइड्रोजन 'फिलिंग स्टेशन' स्थापित करने और ईंधन के परिवहन के लिए प्रणालियां विकसित करने में है।

हवाई किराये में उछाल से जुलाई में ब्रिटेन में महंगाई दर बढ़कर 3.8 प्रतिशत पर

लंदन: ब्रिटेन में जुलाई महीने में खाद्य पदार्थों और हवाई किरायों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण मुद्रास्फीति उम्मीद से अधिक बढ़कर 3.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी से इस वर्ष दोबारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होती नजर आ रही है। ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बताया कि जून में मुद्रास्फीति 3.6 प्रतिशत थी, जो जुलाई में बढ़कर 3.8 प्रतिशत हो गई। इस बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण हवाई किराये में जून से जुलाई के बीच 30.2 प्रतिशत की भारी वृद्धि है। ज़्यादातर अर्थशास्त्रियों ने महंगाई दर 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान आईसीएईडब्ल्यू के अर्थशास्त्र निदेशक सुरेन थिरु ने कहा, ''जुलाई के नतीजे ने शायद सितंबर में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद खत्म कर दी है, जबकि अंतर्निहित महंगाई के दबाव के मजबूत होने से यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या नीति-निर्माता इस साल फिर से नीति में ढील दे पाएंगे।

प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई में घटकर दो प्रतिशत पर आई

नयी दिल्ली: जुलाई के महीने में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर दो माह के निचले स्तर दो प्रतिशत पर आ गई। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस एवं रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में गिरावट से ऐसा हुआ। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले वर्ष जुलाई में इन आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही थी जबकि जून, 2025 में यह 2.2 प्रतिशत रही। जुलाई महीने में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में गिरावट से बुनियादी उद्योगों की समग्र वृद्धि दर प्रभावित हुई। उर्वरक और बिजली उत्पादन की वृद्धि भी पिछले महीने घटकर क्रमशः दो प्रतिशत और 0.5 प्रतिशत पर आ गई जबकि जुलाई, 2024 में ये आंकड़े 5.3 प्रतिशत और 7.9 प्रतिशत थे। हालांकि, जुलाई में इस्पात और सीमेंट उत्पादन का प्रदर्शन अच्छा रहा। इन क्षेत्रों ने पिछले महीने क्रमशः 12.8 प्रतिशत और 11.7 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में इन आठ बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर 1.6 प्रतिशत रही है जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 6.3 प्रतिशत थी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3333 अंक 143, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in